* वर्ष 40 * अंक 70 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com
उदयपुर रविवार दिनांक 8 दिसम्बर 2024
दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## राजस्थान विधानसभा में इस बार नहीं चलेगा शीतकालीन सत्र

### राइजिंग राजस्थान सम्मेलन के कारण किया स्थगित, अगला सत्र जनवरी में होने की संभावना, पेपरलेस होगी विधानसभा

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में इस बार विधानसभा का शीतकालीन सत्र नहीं हो पाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि इस बार राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के आयोजन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है।

राजस्थान विधानसभा का अगला सत्र आगामी जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि इस बार राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के आयोजन के कारण शीतकालीन सत्र को स्थगित कर दिया गया है।



देवनानी ने कहा कि राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के कारण इस बार शीतकालीन सत्र नहीं हो पाएगा। अगला नया सत्र जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कराया जाएगा। सत्र शुरू होने के बाद बीच में थोड़ा विराम देकर इसे लंबा चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार नया सत्र नए स्वरूप में नजर आएगा।

उन्होंने बताया कि विधानसभा को पेपर लेस किया जा रहा है, जो आगामी जनवरी के प्रथम सप्ताह तक हो जाएगा। इसके अलावा जयपुर गुलाबी नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। इस कारण विधानसभा को गुलाबी रंग दिया गया है। उन्होंने बताया कि सदन में प्रत्येक विधायक की सीट पर आईपैड एवं लैपटाप होंगे। हालांकि शुरू में थोड़ी दिक्कत आएगी। विधायकों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए वह सदन में विधायकों की मदद के लिए 20 लोगों को छह महीने तक अंदर आने की अनुमति देंगे ताकि वे विधायक की सीट पर जाकर उन्हें गाइड कर सकें।

## ममता बोलीं–इंडिया ब्लॉक मैंने बनाया, मौका मिला तो नेतृत्व करूंगी

### सपा और शिवसेना-यूबीटी ने समर्थन किया; भाजपा बोली- विपक्ष को राहुल पर भरोसा नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, मैंने इंडिया गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें। मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं। ममता बनर्जी के बयान का शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत और समाजवादी पार्टी ने समर्थन किया है। राउत ने शनिवार को कहा, हम भी चाहते हैं कि वे विपक्षी इंडिया गठबंधन की प्रमुख भागीदार बनें। चाहे वह ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना, हम सभी एक साथ हैं। हम जल्द ही कोलकाता में ममता बनर्जी से बात करने जाएंगे। वहीं, सपा नेता उदयवीर सिंह ने भी ममता बनर्जी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने शनिवार को कहा, लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से सपा ने 37 सीटें जीतीं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने 42 सीटों में से 29 सीटें जीतीं। भाजपा को इन दो राज्यों में 35 सीटों का नुकसान हुआ। सभी दल सहमत हों तो सपा ममता का समर्थन करेगी। भाजपा ने इंडिया गठबंधन में नेतृत्व को



लेकर ममता के बयान पर कहा- विपक्ष के नेताओं को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अब भी राहुल को राजनीति का कच्चा खिलाड़ी समझते हैं। विपक्ष में कई लोग हैं जो राहुल को राजनीतिक तौर पर विफल मानते हैं।

#### रणनीतिकारों के जरिए चुनाव नहीं जीते जाते

चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की मदद लेने के सवाल पर ममता ने कहा- कुछ रणनीतिकार घर बैठे सर्वे करते हैं और बाद में सर्वे को बदल देते हैं। वे चीजों की प्लानिंग कर सकते हैं, व्यवस्थित कर सकते हैं, लेकिन वोटर्स को बूथ पर नहीं ला सकते। सिर्फ बूथ कार्यकर्ता ही गांवों और लोगों को जानते हैं, ये ही लोग चुनाव जिताते हैं।

चुनावी रणनीतिकार सिर्फ आर्टिस्ट हैं, जो पैसे के बदले अपना काम करते हैं, लेकिन उनके जरिए चुनाव नहीं जीते जाते हैं।

#### ममता बोलीं– पार्टी मेरा उत्तराधिकारी तय करेगी

ममता से पार्टी में उनके उत्तराधिकारी के बारे में पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा- टीएमसी एक अनुशासित पार्टी है। यहां कोई भी नेता अपनी शर्तें तय नहीं कर सकता। पार्टी तय करेगी कि लोगों के लिए क्या सबसे अच्छा है। हमारे पास विधायक, सांसद, बूथ कार्यकर्ता हैं, जो तय करेंगे कि मेरे बाद पार्टी कौन संभालेगा। ममता बनर्जी के करीबी नेताओं और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के करीबी नेताओं के बीच मतभेद की स्थिति टीएमसी में लंबे समय से देखने को मिली है। इसे लेकर ममता ने कहा- पार्टी के लिए हर कोई महत्वपूर्ण है। आज का नया चेहरा कल का अनुभवी होगा।

## पोलियो अभियान आज

### 87.50 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य; 46,887 पोलियो बूथ बनाए



**जयपुर (पुकार)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत जयपुर में 8 दिसंबर को बड़े स्तर पर बूथों पर बच्चों को दवा की खुराक पिलाई जाएगी। इस अभियान के तहत 87.50 लाख बच्चों को दवाई पिलाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ केयर सेंटर, आंगनबाड़ी समेत अन्य जगहों पर 46 हजार से ज्यादा बूथ बनाए है। निदेशक आरसीएच डॉ सुनीत सिंह राणावत ने बताया- इस अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के करीब 87.50 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के सफल आयोजन के लिए 46,887 पोलियो बूथ बनाए हैं। 59,936 टीमें बनाई हैं। इनमें 5,396 ट्रांजिट टीम और 7,653 मोबाइल टीमें हैं। अभियान के पहले दिन बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

**मोबाइल टीमें घर-घर जाकर दवाई पिलाने का काम करेगी :** जो बच्चे बूथ पर दवाई पिलाने से वंचित रह जाएंगे, उनके लिए हमारी मोबाइल टीमें घर-घर जाकर दवाई पिलाने का काम करेगी। इसके लिए हर जिले में (जयपुर को छोड़कर) 2 दिन तक टीमें घर-घर सर्वे करेगी। वहीं, जयपुर शहर में ये सर्वे 3 दिन चलाया जाएगा, जिसके तहत दवाई पीने से वंचित रहे बच्चों को दवाई पिलाएगी।

## प्रदेश के 7 जिलों में 9 केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे, इसी सत्र में होंगे एडमिशन

### श्रीगंगानगर-राजसमंद में एक साथ 2-2 नए स्कूल में शुरू होगी पढ़ाई

**जयपुर (पुकार)।** केंद्र सरकार ने देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इसमें 9 केंद्रीय विद्यालय राजस्थान के अलग-अलग 7 जिलों में खोले जाएंगे। श्रीगंगानगर और राजसमंद में एक साथ 2 केंद्रीय विद्यालय शुरू हो रहे हैं। नए केंद्रीय विद्यालयों में इसी सेशन में एडमिशन दिए जाएंगे।

#### हर स्कूल में 960 छात्रों को मिलेगा एडमिशन

देशभर में शुरू हो रहे प्रत्येक नए स्कूल में 960 स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। ऐसे में कुल 8640 नए स्टूडेंट्स को प्रवेश मिल सकेगा। आमतौर पर सेना, पैरामिलिट्री फोर्स एरिया के आसपास ही केंद्रीय विद्यालय खोले जाते हैं ताकि ट्रांसफर होने के बाद भी जवान और सैन्य अधिकारियों के बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो।




#### कुल 1256 विद्यालय

वर्तमान में 1256 केंद्रीय विद्यालय हैं, जिसमें 3 विदेशों में खुले स्कूल शामिल हैं। भारत के अलावा मॉस्को, तेहरान और काठमांडू में भी भारत के केंद्रीय विद्यालय चल रहे हैं। इन सभी स्कूलों में 13 लाख 56 हजार स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं।

#### राजस्थान में अभी तक 78 स्कूल

राजस्थान में वर्तमान में 78 केंद्रीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करीब 90 हजार स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। नया सेशन वर्ष 2025 में शुरू होगा। केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन रिक्त सीटों पर होता है, जहां मिलिट्री फोर्स, पैरा मिलिट्री फोर्स के बच्चों को प्राथमिकता मिलती है। सीटें खाली रह जाने पर सिविलियन को भी एडमिशन मिलता है।

#### नए स्कूल खुलने के साथ ही हो जाएगी प्रिंसिपल की पोस्टिंग

केंद्रीय विद्यालय संगठन, राजस्थान के डिप्टी कमिश्नर डॉ. अनुराग यादव ने बताया– अभी राजस्थान के 78 स्कूल में करीब 4 हजार टीचर हैं। स्कूलों में अधिकांश पद भरे हुए हैं। अब 9 और नए स्कूल खुलने जा रहे हैं। इसी के साथ राजस्थान में ऐसे स्कूलों की संख्या 87 हो जाएगी। नए स्कूल खुलने के साथ ही यहां प्रिंसिपल की पोस्टिंग हो जाएगी। इसके बाद टीचर्स के पदों पर भर्ती होनी है। अगर स्थायी टीचर नहीं मिलते हैं तो संविदा पर स्थानीय स्तर पर टीचर लेने का प्रावधान है।

नए सेशन में शुरू हो जाएंगे एडमिशन : नए केंद्रीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 में एडमिशन शुरू हो जाएंगे। इन स्कूलों को स्थापित करने के लिए सरकार ने 5 हजार 872 करोड़ रूपए खर्च करेगी। इसमें स्कूलों के लिए नए भवन बनाने के साथ ही टीचर्स की नियुक्ति की जाएगी।

## राहुल गांधी ने टैक्स नीति पर खड़े किए सवाल, अन्याय बताया, कहा- मोदी सरकार नया टैक्स स्लैब लाने की तैयारी में, 1500 से ज्यादा के कपड़ों पर जीएसटी 12% से 18% करेगी!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र सरकार की टैक्स नीति को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। जनता की जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। पूंजीपतियों को छूट दी जा रही है, जबकि आम लोगों को लूटा जा रहा है।



राहुल ने कहा- अभी शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे, लेकिन सरकार 1500 रुपए से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% करने जा रही है। यह घोर अन्याय है।

#### राहुल बोले- अरबपतियों का कर्ज माफ करने के लिए ऐसा किया जा रहा है

राहुल ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बताया है। उन्होंने कहा कि अरबपतियों के कर्ज को माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को लूटा जा रहा है। हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे।

#### राहुल ने जीडीपी ग्रोथ को लेकर भी केंद्र को घेरा था

इससे पहले 1 दिसंबर को भी राहुल ने जीडीपी ग्रोथ को लेकर केंद्र को घेरा था। उन्होंने कहा था कि भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट दो साल में सबसे नीचे 5.4% पर आ गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती, जब तक इसका फायदा सिर्फ गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा है।

#### राहुल ने जीएसटी को लेकर ये ग्राफ शेयर किया




#### राहुल ने कहा- इन फैक्ट्स को देखिए, जो चिंताजनक है

- रुपया 84.50 के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।
- बेरोजगारी पहले ही 45 सालों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है।
- कॉर्पोरेट टैक्स का हिस्सा पिछले 10 सालों में 7% कम हुआ है, जबकि इनकम टैक्स 11% बढ़ा है।
- खुदरा महंगाई दर बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21% पर पहुंच गई है। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में इस साल आलू और प्याज की कीमत लगभग 50% बढ़ गई है।
- सस्ते घरों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी घटकर करीब 22% रह गई है, जो पिछले साल 38% थी।

## जयपुर में रिहायशी इलाके में घुसा लेपर्ड, दो लोगों पर किया हमला

### 4 घंटे बाद ट्रैंकुलाइज



**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के जयपुर के विद्याधर नगर में लेपर्ड आने से हड़कंप मच गया है। तेंदुआ इलाके के सीपीडब्ल्यूडी गार्डन में पौधों के पीछे दिखाई दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग, पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। करीब 4 घंटे तक स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल रहा। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लेपर्ड को ट्रैंकुलाइज करने का ऑपरेशन चलाया। इस दौरान लेपर्ड को पकड़ने के कई प्रयास विफल रहे। हालांकि करीब 4 घंटे बाद लेपर्ड को सफलतापूर्वक ट्रैंकुलाइज कर लिया गया है। इन चार घंटों के दौरान लेपर्ड आसपास के इलाकों में घूमता रहा। लोग दहशत में रहे। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में स्थानीय लोगों ने लेपर्ड की हलचल देखी।

## राहुल गांधी 17 दिन में आज दूसरी बार आएंगे जयपुर

### 6 घंटे कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में रहेंगे; राजस्थान के नेताओं को नहीं मिलेगी एंट्री

**जयपुर (पुकार)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार को 1 दिन के दौरे पर जयपुर आएंगे। राहुल गांधी सुबह 7-00 बजे इंडिगो की फ्लाइट से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से सीधे चौमूं के पास खेड़ापति बालाजी जाएंगे। खेड़ापति बालाजी में कांग्रेस का नेतृत्व संगम के नाम से ट्रेनिंग कैंप रखा गया है। इस ट्रेनिंग कैंप में 6 घंटे रहेंगे। राहुल गांधी सुबह 9 बजे ट्रेनिंग में पहुंचेंगे और दोपहर 3 बजे वापस एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। नेतृत्व संगम में राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ था। माउंट आबू के स्वामी नारायण धर्मशाला में कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए थे। इस ट्रेनिंग कैंप में देशभर के चुनिंदा कांग्रेस नेता शामिल हो रहे हैं। राजस्थान के कांग्रेस नेताओं को ट्रेनिंग कैंप में जाने की अनुमति नहीं है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व सीएम अशोक गहलोत सहित वरिष्ठ नेता एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का स्वागत करेंगे, लेकिन ट्रेनिंग सेशन में ये नेता साथ नहीं जा सकेंगे।

## महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के विधायकों का शपथ से वॉकआउट

### आदित्य ठाकरे बोले- हमें ईवीएम पर शक; अजित बोले- चुनाव आयोग जाएं




**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा के स्पेशल सेशन के पहले दिन शनिवार को विपक्ष ने ईवीएम के मुद्दे पर वॉकआउट किया। आज सभी 288 नए विधायकों को शपथ लेनी थी। 173 विधायकों ने शपथ ली। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल हैं। सपा महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में शामिल है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा- हमारे विधायकों ने आज शपथ नहीं ली। अगर ये जनता का जनादेश होता तो लोग खुश होते, जश्न मनाते, लेकिन कहीं भी लोगों ने इस जीत का जश्न नहीं मनाया। हमें ईवीएम पर शक है।

विपक्ष के वॉकआउट पर डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, चुनाव हुआ है और लोगों ने हमें जिताया है। अभी वॉकआउट से कुछ नहीं होने वाला। अगर विपक्ष को कुछ करना है तो चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए। वहां भी न्याय नहीं मिलता तो अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। 115 विधायकों को शपथ लेना बाकी है। इनमें ज्यादातर विपक्ष के हैं। महाराष्ट्र विधानसभा का स्पेशल सेशन 8 दिसंबर के लिए स्थगित किया गया है।



हिमाचल प्रदेश में अभी तक पहाड़ों पर बर्फ नहीं गिरने से होटल संचालकों ने कृत्रिम आइस बिछाना प्रारंभ कर दिया है।

## कश्मीर : 9 जिलों में पारा माइनस में लुढ़का : जोजिला में –19 डिग्री

### यूपी समेत 17 राज्यों में कल से कोहरा, 77 ट्रेनें रद्द

**श्रीनगर/ नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में ठंड बढ़ने से पारा माइनस में चला गया है। जम्मू के 2 और कश्मीर के 9 जिलों में पारा माइनस में रिकॉर्ड किया गया। जोजिला में सबसे ज्यादा ठंड है, जहां तापमान -19ए डिग्री तक पहुंच गया है। शोपियां में -4.5 डिग्री, पहलगाम और बांदीपोरा में -4.3 डिग्री टेम्प्रेचर है। श्रीनगर में भी पारा -4.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में 3.8 डिग्री के साथ पंजाब का आदमपुर सबसे ठंडा शहर रहा।

दिल्ली में आज सुबह 7.1 डिग्री तापमान के साथ सीजन की सबसे ठंडी सुबह रही। मुंबई, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में सुबह कोहरा भी छाया रहा। बढ़ते कोहरे की वजह से उत्तर रेलवे ने 77 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी हैं। इसमें 36 ट्रेनें दिल्ली डिवीजन की हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते 8-9 दिसंबर को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, असम, सिक्किम, मेघालय, त्रिपुरा समेत 17 राज्यों में कोहरा छाएगा। इससे मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ेगी। इधर, शुक्रवार को कर्नाटक के कुछ इलाकों में बारिश हुई। पंजाब, हरियाणा और वेस्टर्न क्ष में भी रविवार को बारिश हो सकती है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का अनुमान जताया गया है।

## पूजास्थल कानून पर नई बेंच बनी : सुप्रीम कोर्ट में 12 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में पूजास्थल कानून (प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट- 1991) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच बनाई गई है। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन हैं। यह बेंच 12 दिसंबर को दोपहर 3.30 बजे सुनवाई करेगी। पहले 5 दिसंबर को ही यह सुनवाई होनी थी। उस दिन सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच सुनवाई से पहले ही उठ गई थी। याचिका दायर करने वालों में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, भाजपा नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय समेत कई अन्य शामिल हैं। हिंदू पक्ष की तरफ से लगाई गई याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि यह कानून हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख समुदाय के खिलाफ है। इस कानून के चलते वे अपने ही पूजा स्थलों और तीर्थ स्थलों को अपने अधिकार में नहीं ले पाते हैं।



#### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की याचिकाएं खारिज करने की मांग

जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने इन याचिकाओं के खिलाफ याचिका दायर की है। जमीयत का तर्क है कि एक्ट के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करने से पूरे देश में मस्जिदों के खिलाफ मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और ज्ञानवापी मस्जिद का रखरखाव करने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी ने भी इन याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है।

#### यूपी, एमपी, राजस्थान समेत कई राज्यों में मंदिर-मस्जिद मामले

सुप्रीम कोर्ट के वकील हरिशंकर जैन ने 19 नवंबर को उत्तर प्रदेश के संभल जिले के सिविल कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें दावा किया कि संभल की जामा मस्जिद ही हरिहर मंदिर था। उसी दिन याचिका स्वीकार हो गई। अगले दिन कोर्ट ने जामा मस्जिद के सर्वे का आदेश दे दिया।

5 दिन बाद यानी 24 नवंबर को टीम सर्वे के लिए फिर जामा मस्जिद पहुंची। वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। पथराव और गोलीबारी के बीच 5 लोगों की मौत हो गई। इसके 2 दिन बाद हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने राजस्थान की अजमेर शरीफ दरगाह के संकटमोचन महादेव मंदिर होने का दावा कर दिया। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर ली। देशभर के अलग-अलग हिस्सों में ये सिलसिला जारी है। इस मामलों से पहले वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह और मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला में मस्जिद को लेकर मुकदमे दायर किए जा चुके हैं। राम मंदिर का फैसला आने के बाद इन मामलों में तेजी आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ठगी पीड़ितों के 100 दिन पूर्ण होने पर तीन दिवसीय अभियान का आगाज़



**उदयपुर (पुकार)।** ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार द्वारा धरने के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय ठगी पीड़ित संसद विजय महोत्सव का आगाज़ शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में विधिक परिचर्चा के साथ हुआ। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता राव रतन सिंह, को चेयरमैन, राजस्थान बार काउंसिल ने 'बड्स एक्ट 2019 कानून : प्रवर्तन एवं भुगतान के उपाय' पर मुख्य व्याख्यान दिया।

विषय प्रवर्तन करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट भरत कुमावत ने पीड़ा व्यक्त की कि देश की सबसे बड़े आर्थिक घोटाले में हजारों नागरिकों द्वारा आत्महत्या करने, लाखों निर्वासित के जैसे भटकते अभिकर्ता और करोड़ों पीड़ितों की और 100 दिन तक धरने के बावजूद संज्ञान नहीं लेना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है तथा, लोक कल्याणकारी राज्य और न्याय के शासन की अवधारणा पर प्रश्न चिह्न लगाता है।

राजस्थान बार काउंसिल के को चेयरमैन एडवोकेट राव रतन सिंह ने मुख्य वक्तव्य देते हुए कहा कि वर्तमान शासन ने बड्स एक्ट 2019 कानून को बनाकर लागू नहीं करना भी सरकार के राजनैतिक वर्ग की नियत पर सवाल खड़े करता है जिससे कि देश के करोड़ों नागरिकों की पीड़ा का समाधान करने के लिए केंद्र सरकार कानून प्रवर्तन करने के लिए ठोस कारगर कदम उठाने चाहिए तभी करोड़ों नागरिकों को न्याय मिलेगा और उनके मूल अधिकारों की रक्षा हो सकेगी।

प्रवक्ता मनोज राजपुरोहित ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रमों के क्रम में कल प्रातः दस बजे से फतह स्कूल में राष्ट्रीय रणनीति निर्माण कॉन्फ्रेंस में भाग लेने ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय कैबिनेट, प्रदेश कार्यकारिणी तथा राजस्थान के सभी जिलाध्यक्ष कार्यकारिणी सहित राष्ट्रव्यापी रणनीति बनाने उदयपुर में जुटेंगे।

### अटल महोत्सव 16 को, शाहीन बानो को मिलेगा अटल सेवा श्री सम्मान



**उदयपुर (पुकार)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वः अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती महोत्सव का शुभारम्भ कार्यक्रम रत्न बाग जयपुर में राष्ट्रीय समता स्वतत्र मंच के द्वारा भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन एवं विचार प्रजेंटेशन का भव्य कार्यक्रम रखा गया है। जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम में भारत की प्रतिष्ठा भारत की शक्ति भारत के पंचशील सिद्धान्तों पर चर्चा होगी। मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री रवि करण साहू चैयरमेन, मध्यप्रदेश तेल घाणी बोर्ड मुख्य अतिथी होगें। मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद टोरडी विशिष्ट सलाहकार प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल होगें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता का शाहीन बानो इन्फेक्शन कंट्रोल नर्स आर. न. टी. मेडिकल कॉलेज उदयपुर को अटल सेवा श्री अवार्ड से विभुषित किया जायेगा। मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ने बताया कि अटल महोत्सव का समापन काठमाण्डू नेपाल में 25 दिसम्बर को होगा। समापन समारोह में 22 राष्ट्र सम्मिलित होकर भारत-नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुर्न उत्थान है। शाहीन बानो का कर्म स्थती से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर अटल सेवा श्री सम्मान के लिए चयन किया गया है। इण्डो-नेपाल समरसता मिशन यात्रा में सम्मेलित सांस्कृतिक शिष्टमण्डल सदस्यों का स्वागत भी किया जायेगा। यह जानकारी सांस्कृतिक सचिव विवेक स्वामी ने दी।

बता दें कि श्रीमति शाहीन बानो को पिछले वर्ष दो राष्ट्रीय स्तर के अवॉर्ड से नई दिल्ली में नवाजा गया था, जिसमें की एक भारत गौरव सम्मान एवं मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफ इंडिया से डॉक्टर की उपाधि भी है।

### वेक्टस ने भारत की सबसे एडवांस्ड 10-लेयर पानी की टंकी लॉन्च की

**उदयपुर (पुकार)।** भारत के प्रमुख वॉटर स्टोरेज सोलुशन समाधान प्रदाता, वेक्टस ने 10-लेयर वाली एक नई पानी की टंकी लॉन्च की है, जो वॉटर स्टोरेज सोलुशन तकनीक में एक नई क्रांति है। यह नवीन टंकी बेहतरीन मजबूती, अद्वितीय यूवी प्रतिरोध और नवीनतम एंटीबैक्टीरियल सुरक्षा के साथ आती है, जो साफ , सुरक्षित और लंबे समय तक चलने वाले जल भंडारण का एक आदर्श समाधान प्रदान करती है। लॉन्च पर वेक्टस के प्रबंध निदेशक अतुल लढा ने कहा-हमारी 10-लेयर टंकी वेक्टस के गुणवत्ता और नएपन में आगे बढ़ने का प्रमाण है। पानी हमारे सबसे कीमती संसाधनों में से एक है, और इस नए उत्पाद के साथ हम अपने ग्राहकों को ऐसा समाधान देना चाहते हैं जो पानी को बचाए और स्वास्थ्य और पर्यावरण की भी सुरक्षा करे।

वेक्टस के प्रबंध निदेशक, आशीष बाहेती ने बताया कि टेन-एक्स टंकी पुरानी टंकियों के मुकाबले कहीं ज्यादा टिकाऊ है। हर मटेरियलए जैसे कि फू ड -ग्रेड प्लास्टिक, एंटीबैक्टीरियल और यूवी-स्टेबलाइज्ड तकनीक, को मजबूती, सुरक्षा और टिकाऊपन के लिए चुना गया है।

### पूर्व डीजीपी बंजारा एवं राज राजेश्वर ने किया नारायण सेवा संस्थान का अवलोकन



**उदयपुर (पुकार)।** नारायण सेवा संस्थान के सेवामहातीर्थ बड़ी परिसर को गुजरात के पूर्व डीजीपी डीजी बंजारा और अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक वक्ता राज राजेश्वर गुरूजी ने विजिट किया। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने उनकी अगवानी की तथा मेवाड़ी परम्परा से अभिनंदन किया। पूर्व डीजीपी और गुरूजी ने दिव्यांगों के लिए संचालित प्रकल्पों की जानकारी लेते हुए लाभान्वित जनों से उनके अनुभव जाने। इस दौरान संस्थान ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, रोहित तिवारी, मनीष परिहार और महिम जैन मौजूद रहें।

### फतहसागर की पाल पर बिखरेंगे सूर

**उदयपुर (पुकार)।** फतहसागर की पाल पर संगीत प्रेमियों के लिए सूरों की मंडली की ओर से आयोजित सुर प्रभाती कार्यक्रम ने शहरवासियों के दिलों में खास जगह बनाई है। पिछले महीने के दूसरे रविवार को सुबह 7:30 बजे हुए इस कार्यक्रम को लोगों ने खूब सराहा। सूरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि अब यह कार्यक्रम हर रविवार को फतहसागर की पाल पर नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक कैलाश केवल्या और सह संयोजक दिलीप जैन (सवीना) ने सुर मंडली के सभी सदस्यों और संगीत प्रेमियों से अपील की है कि वे रविवार सुबह 7:30 बजे फतहसागर पाल पर पहुंचकर इस आयोजन का हिस्सा बनें।

### इग्नू के विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**उदयपुर (पुकार)।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम विद्या भवन रुरल इंस्टीट्यूट में आयोजित हुआ। केंद्र समन्वयक डॉ. लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षैत्रीय सह निदेशक डॉ मुख्तियार अली थे। डॉ. अली ने इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना उसमें प्रवेशित विद्यार्थियों, कार्यक्रमों, अध्ययन केन्द्रों एवं क्षैत्रिय कार्यालय के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. सबा खान, डॉ. सरस्वती जोशी, डॉ. सुषमा जैन, डॉ. रतनलाल सुथार, डॉ. मनोज राजगुरू, डॉ. विकास बया, डॉ. ज्योति कंठालिया आदि मौजूद थे।

# सॉरी नहीं क्षमापना आवश्यक हैः संबोध मुनि



**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के तत्वावधान में जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग ने मनाया। राजस्थान मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा निर्देशित क्षमावाणी पर्व व विश्व मैत्री दिवस' व्याख्यान माला आयोजित हुआ। डॉ.ज्योति बाबू जैन कार्यक्रम समन्वयक एवं विभाग अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य वक्ता आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती मुनि सम्बोध कुमार मेधांश ,नानेश ध्यान केंद्र से डॉ सत्यनारायण शर्मा,थे ,अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा, मुख्य अतिथि भाजपा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री थे। विशिष्ट अतिथि प्रो. हेमन्त द्विवेदी अधिष्ठाता (सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय) एवं दिगम्बर जैन ग्लोबल महासभा के अध्यक्ष जमनालाल हपावत थे।

मुनि सम्बोध कुमार मेधांश ने कहा कि सॉरी, माफी, फोरगिवनेस शब्द अधुरे है। क्षमापना इस अधुनेपन की संपूर्णता सौंपती है। आदमी की यह सबसे बड़ी कमजोरी है कि वह अपनी गलतीयों के क्षणों में वकील बन जाता है और दूसरों की गलतियों के क्षणों में जज बन जाता है। भूलों को भुलाना ही क्षमापना है। जब तक एक दुसरे के अस्तित्व को स्वीकार न कर लिया जाए तब तक क्षमापना शब्द अपना ष्अर्थ सिद्ध नहीं कर पाता। दुनिया का बहुत सिम्पल सिद्धांत है जो हम देंगे वही हमें मिलता रहेगा। प्रेम का जहाँ विस्तार होगा वहाँ वैर का और घृणा का अंत होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुखाडिया वि. वि. की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि कभी किसी का 'दिल दुखाया' हो तो 'क्षमापना' कर लेने से मन हलका हो जाता है। मन तनाव मुक्त हो तो विश्व में शांति की स्थापना संभव है। द्वितीय मुख्य वक्ता आचार्य नानेश ध्यान केन्द्र से डॉ. सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि जिस तरह अग्नि अपने आसपास की हर चीज जला देती है वैसे ही कषाय आत्मा को जला देती है। क्षमा कषाय को क्षीण कर देता है। क्षमा से ही विश्व मैत्री सार्थक हो सकती है।

मुख्य अतिथि कि भाजपा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विश्व विद्यालयों में क्षमापर्व समायोजित करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा की हमें क्षमा उनसे माँगनी चाहिए जिससे गलती हुई हो,वह उत्तम क्षमा मन,वचन,काय से माँगनी भी चाहिए व देना भी चाहिये।

कार्यक्रम के समप्रेरक प्रो. हेमन्त द्विवेदी अधिष्ठाता (सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय) ने अपने प्रभावी वक्तव्य में कहा कि 'क्षमा' देवनागरी भाषा के दो-तीन शब्द है मगर इकलौते महावीर ने सम्यक शब्द का प्रयोग कर जन प्रिय बना दिया। क्षमापना अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक है अतः इसे प्रतिवर्ष विभाग द्वारा आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने विभाग द्वारा किए गए जा रहे विषय विस्तार के कार्यों की सराहना की ।

दिगम्बर जैन ग्लोबल महासभा के अध्यक्ष जमनालाल हपावत ने भावपुर्ण विचारों की प्रस्तुति देते हुए प्रभारी विभाग अध्यक्ष के समर्पित प्रयासों से महासभा द्वारा जन सहभागिता से निर्मित किया जा रहे 'जैन विद्या एवं प्राकृत' के 'उच्च अनुसंधान केंद्र प्राकृत भवन' का शीघ्र लोकार्पण कराने की घोषणा की।

जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग के प्रभारी अध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ज्योति बाबू जैन ने समागत अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा- क्षमा शब्द जैन का नहीं बल्कि भारत का आदर्श है। क्षमा पर्व को शैक्षणिक संस्थानों में समायोजित करा राज्य सरकार ने श्रेष्ठ कार्य किया है। संचालन सहायक आचार्य जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग के डॉ. सुमत कुमार जैन ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के आचार्य डॉ .आशीष सिसोदिया डॉ. मुरलीधर पालीवाल डॉ. पीयूष भादविया, रेखा वडाला धर्णेद्र जैन आदि प्राध्यापकों शोधार्थी विद्यार्थियों के साथ श्री कुंथु कुमार जी,रोशन लाल आवोत, डॉ. अशोक जेतावत, चंदन सिंह धाकड़, लक्ष्मी लाल सालवी, पूर्णिमा बोकडिया आदि गणमान्य श्रेष्ठियों एवं समाज जनों की सहभागिता रही। अंत में सामूहिक क्षमापना के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया।

कार्यक्रम समायोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी एवं सहअधिष्ठाता प्रो. दिग्विजय भटनागर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। डॉ.ज्योति बाबू जैन कार्यक्रम समन्वयक एवं विभाग अध्यक्ष जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर मौजूद थे।



## गीता ज्ञान से तनाव से मुक्ति संभव : सिंहल

**उदयपुर (पुकार)।** गीता जयंती आयोजन समिति द्वारा सेक्टर 3 स्थित एमडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गीता ज्ञान व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर आशीष सिंहल, डॉ. शीतल जोशी और नवनीत भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। आशीष सिंहल ने गीता के ज्ञान से तनाव प्रबंधन के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तनाव पर विजय पाने में श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है। जब व्यक्ति निष्काम भाव से जीवन जीता है और योगस्थ होकर अपने कर्तव्यों का पालन करता है, तब उसे तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने गीता के अध्याय 6 (आत्मसंयम योग) का उल्लेख करते हुए बताया कि मन पर नियंत्रण, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति जीवन की सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है और शांति, प्रसन्नता तथा सफलता प्राप्त कर सकता है। डॉ. शीतल जोशी ने विद्यार्थियों को श्रीमद्भगवद्गीता का परिचय दिया और उन्हें अर्जुन की तरह प्रतिभाशाली बतलाते हुए कहा कि गीता के ज्ञान से वे अपने सभी प्रकार के संदेहों से पार पा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेष ध्यान योग का अभ्यास भी करवाया।

नवनीत भट्ट ने गीता गीत और कृष्ण प्रार्थना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने गीता के संदेश से जीवन में निरंतर प्रयास करने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में गीता जयंती आयोजन समिति की ओर से विद्यालय प्रशासन को श्रीमद्भगवद्गीता की एक प्रति भेंट की गई। विद्यालय की ओर से प्रभारी स्वप्निल शर्मा ने वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

गीता ज्ञान व्याख्यान माला का एक और सत्र एमडीएस स्कूल के प्रताप नगर केंद्र में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी और गीता मनीषी जगदीश पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने गीता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रतिकूलता से रहित जीवन की हम कल्पना नहीं कर सकते और प्रतिकूलताओं में संतुलित व्यवहार करने में हमें गीता का ज्ञान बहुत मदद करता है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अर्जुन के मार्गदर्शक श्रीकृष्ण थे, परंतु दुर्योधन के मार्गदर्शक शकुनी थे। गीता के ज्ञान से भगवान श्रीकृष्ण समस्त ब्रह्मांड का संचालन करते हैं। वही गीता का ज्ञान हमारे जीवन को उन्नत बनाए, इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। गीता के ज्ञान को प्राप्त कर अर्जुन ने प्रेय के स्थान पर श्रेय को महत्व दिया। गीता का स्वाध्याय एवं मनन आध्यात्मिक बुद्धि लब्धि को उन्नत कर देवत्व की ओर ले जाता है।

## फर्नीचर की दुकान से नकदी चुराई

**उदयपुर (पुकार)।** अश्विनी बाजार में आज सुबह एक चोर आईसीसीआई बैंक के पीछे सुप्रीम फर्नीशिंग शॉप से नकदी ले गया। चोर वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। दुकानदार हकीमुद्दीन बोहरा ने बताया कि सुबह 10.54 बजे की यह घटना सीसीटीवी में कैद है। उस दौरान घूमता हुआ एक लड़का आया। उसने दुकान में इधर उधर देखा और उसको सीसीटीवी कैमरे भी दिखे फिर भी लड़के ने काउंटर के नीचे नकदी ट्रे को पेंचकस से खोला और नकदी ले गया।

दुकानदार को जब पता चला तो उसने अश्विनी बाजार व्यापार संघ के अध्यक्ष जयेश चंपावत को सूचना दी। चंपावत मौके पर पहुंचे और धानमंडी पुलिस थाने को सूचना दी। दुकानदार हकीमुद्दीन ने बताया कि इस मामले में उन्होंने पुलिस को रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कंपनी में घुस जबरन कब्जा करने के प्रयास का मामला दर्ज

**उदयपुर।** बड़गांव थानान्तर्गत लोयरा में स्थित एक कंपनी के परिसर में जबरन घुसकर कब्जा करने का प्रयास करने पर कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। श्रुति सिंथेटिक्स लिमिटेड लोयरा के अधिकृत प्रतिनिधि बाबूलाल जांगिड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वर्ष 1981 में यह कंपनी रजिस्टर्ड होकर प्रार्थी के नाम आवंटित होकर उसे प्रार्थी ही चला रहा है। 4 दिसम्बर 2004 को भरत मलानी द्वारा दोपहर को भेजे गए 3-4 समाजकंटकों ने कम्पनी परिसर में जबरन प्रवेश करने की कोशिश की तथा वहां सिक्योरिटी गार्ड के साथ हाथापाई करते हुए कहा कि हम भरत मलानी के आदमी हैं और यह प्रोपर्टी अगर 7 दिन के अन्दर खाली नहीं की तो जान माल का नुकसान के तुम खुद जिम्मेदार होंगे। प्रार्थी ने इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। साथ ही समाजकंटकों के सीसीटीवी कैमरों में दर्ज फोटो व नाम भी उपलब्ध करवाए है। रिपोर्ट पर बड़गांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के युनिट सदस्यों का ओरियन्टेशन प्रशिक्षण शुरू



**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की दो नाल्सा योजनाओं के तहत गठित युनिट के सदस्यों का दो दिवसीय ओरियन्टेशन प्रशिक्षण शनिवार से जिला परिषद सभागार में प्रारंभ हुआ।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्ववावधान में आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्ता के आतिथ्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्राधिकरण सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा दो नाल्सा योजनाएं प्रारंभ की है। इसके तहत जिला स्तर पर प्रत्येक योजना के लिए जिला स्तरीय युनिट का गठन किया गया है। प्रत्येक युनिट में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों, उदयपुर मुख्यालय एवं तालुकाओं के पैनल अधिवक्तागण एवं पीएलवी सहित 35 सदस्यों को सम्मिलित किया गया है। मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2024 के तहत गठित युनिट उक्त वर्ग के व्यक्तियों को कानूनी एवं अन्य सहायता प्रदान करेगी। बच्चों के लिए बालमैत्री पूर्ण कानूनी सेवाए योजना 2024 के तहत गठित युनिट विधि से संघर्षरत एवं विधि से संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को मुफ्त कानूनी एवं अन्य सहायता मुहैया करेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अम्बिका, सेवानिवृत न्यायिक अधिकारी शिव सिंह चौहान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद हेमेंद्र नागर, जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र यादव तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर भी बतौर अतिथि शामिल हुए। पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेन्टियर्स एवं डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सलिंग एवम स्टेक होल्डर्स ने भाग लिया।

आरएनटी मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सक आर.के. शर्मा, डॉ. नंद किशोर ने मनोरोगियों की पहचान एवं उनके इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त प्रशिक्षण का सिस्को वेबेस्क्स के माध्यम से ऑनलाइन भी प्रसारण किया गया।

# सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम




**उदयपुर (पुकार)।** सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन 2047 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से प्राप्त वित्तीय बजट से सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिकल सेल डिजीज, बाल चिकित्सालय महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय उदयपुर में राजथान में पहली बार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सिकल सेल रोग के बारे में पहले बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसका शुभारंभ डॉ आर एल सुमन अधीक्षक महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय एवं डॉ लाखन पोसवाल नोडल ऑफिसर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विभागाध्यक्ष बाल चिकित्सा द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दिनों में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 16 बैच, चिकित्सा अधिकारीयो की दो दिवसीय प्रशिक्षण के आठ बैच एवं चार दिवसीय प्रशिक्षण काउंसलर के निर्धारित है ये सभी 9 जनजातिय जिलों से आएंगे। इन सभी की का प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक जिनमे डॉ लाखन पोसवाल, डॉ अंकित जैन उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं ललित किशोर पारगी नर्सिंग प्रभारी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फ़ॉर सिकल सेल डिजीज द्वारा करवाया जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस रोग के प्रबंधन और उपचार के बारे में प्रशिक्षित करना है। सिकल सेल रोग एक गंभीर रक्त विकार है जो विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में पाया जाता है। इस रोग के कारण रोगियों को दर्द, थकान, और अन्य गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सिकल सेल रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रबंधन में सुधार करने के लिए काम कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि इस कार्यक्रम से सिकल सेल रोग के रोगियों को बेहतर उपचार और देखभाल प्रदान करने में मदद मिलेगी।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फ़ॉर सिकल सेल डिजीज उदयपुर देश का दूसरा केंद्र है यहाँ के कार्य को देखते हुए केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने सेंटर ऑफ कंपीटेंस बनाया गया है।

## नवाचारों पर मंथन के साथ प्रधानाचार्य लीडरशिप समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान सीमेट गोनेर जयपुर द्वारा डाइट उदयपुर के तत्वावधान में होटल कजरी में दस दिवसीय लीडरशिप प्रशिक्षण प्राप्त प्रधानाचार्यों की 6 से 7 दिसम्बर तक आयोजित समीक्षा एवं प्रतिपुष्टि कार्यशाला का समापन आज डाइट प्रधानाचार्य डीईओ चन्द्रशेखर जोशी की अध्यक्षता में हुआ।

डाइट उदयपुर के डीआरयू प्रभाग प्रभारी सुरेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि प्रतिभागी प्रधानाचार्यों से नेतृत्व, आत्मिक विकास, शिक्षा अधिगम प्रक्रिया का रूपांतरण, दल बनाना एवं नेतृत्व करना, साझेदारी का विकास , सामुदायिक सहभागिता व नवाचारों पर एसआरजी पलोकेश शर्मा व डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने रिव्यू प्राप्त कर व फीडबैक प्रदान किए। कार्यशाला में डूंगरपुर ,बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ तथा उदयपुर जिले के 51 प्रधानाचार्य ने भाग लिया । कार्यशाला में मनीष सोनी, इंद्रजीत सिंह राव, केवल चंद लबाना, हेमेश उपाध्याय,कृष्ण चंद्र सुथार, मनीषा चौधरी, अंजू गमेती,कल्पना पाटीदार, देवेंद्र सिंह राणावत आदि प्रधानाचार्यों समूह चर्चा में सक्रियता से भाग लिया साथ शारीरिक शिक्षक मनीष पटेल ने सहयोग किया।

कार्यशाला का दूसरा चरण आगामी सोमवार 9 दिसंबर से होटल कजरी में ही शुरू होगा जिसमे 50 अन्य प्रधानाचार्य उपस्थित रह कर कार्यशाला में पूर्व ट्रेनिंग की समीक्षा के साथ ही प्रतिपुष्टि ली जाएगी। समापन 10 दिसंबर को होगा।

# राइजिंग राजस्थान 2024 में आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी हिंदुस्तान जिंक की स्टॉल

## ग्लोबल एनर्जी ट्रान्जिशन में योगदान देने वाली कंपनी के ऑपरेशन और मेटल्स के बारे में मिलेगा लाईव अनुभव



**उदयपुर (पुकार)।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा प्रतिष्ठित राइजिंग राजस्थान समिट में स्थापित स्टॉल लोगो के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी। 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो में हॉल बी के स्टॉल नंबर नो में ग्लोबल एनर्जी ट्रान्जिशन में योगदान देने वाली कंपनी के ऑपरेशन और मेटल्स के बारे में लाईव अनुभव मिल सकेगा।

स्टॉल पर मुख्य आकर्षणों में से एक इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी , वीआर प्रशिक्षण अनुभव होगा, जो अंडरग्राउण्ड माइंस में मूविंग मशीनरी के ऑपरेशन की एक रोमांचक झलक का अनुभव देगा। स्टॉल में माइनिंग के दौरान सुरक्षा और दक्षता के साथ अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी मिलेगी जो खनन में मैनुअल हस्तक्षेप को कम करती हैं और उद्योग के भविष्य को प्रदर्शित करती हैं। मुख्य आकर्षण के रूप में हिंदुस्तान जिंक की विश्व स्तरीय अडरग्राउण्ड माइंस में कार्यरत महिला खनन इंजीनियरों द्वारा प्रशिक्षण सिमुलेशन का प्रदर्शन होगा।

इसके साथ ही राजस्थान में कंपनी के विकास और परिवर्तनकारी प्रभाव की प्रेरक यात्रा पर एक विशेष स्टोरीबुक प्रदर्शनी भी होगी। हिंदुस्तान जिंक अपने विविध उत्पाद पोर्टफोलियो का भी प्रदर्शन करेगा, जो ग्लोबल एनर्जी ट्रान्जिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और भारत के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान दे रहा है। स्टॉल में आधुनिक जीवन में महत्वपूर्ण अयस्कों की भी जानकारी प्राप्त करेगें, जिनमें उदयपुर जिले में स्थित दुनिया के सबसे पुराने और सबसे आकर्षक ज़िंक माइंस में से एक जावर के अयस्क भी शामिल हैं। भारत को महत्वपूर्ण ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने के लिए वेदांता समूह की कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस द्वारा किए गए तकनीकी नवाचारों पर आधारित प्रदर्शन का भी आनंद लेंगे। जिंकी रोबोट फोटो खींचकर स्टॉल के अवलोकन के पल को यादगार बनाएगा। स्टॉल में इंटरैक्टिव गेम्स और तकनीक से प्रेरित अनुभव भी होंगे, जो जानकारी और मनोरंजन दोनों के लिए डिजाइन किए गए हैं। हिंदुस्तान जिंक की खानों और स्मेल्टरर्स के वर्चुअल टूर से लेकर आधुनिक नवाचार को बढ़ावा देने वाले अयस्कों की खोज तक, हर वर्ग के लिए आकर्षक होगा। तकनीक के साथ हिंदुस्तान जिंक की प्रदर्शनी भारत की समृद्ध विरासत को भी प्रस्तुत करेगी। हिंदुस्तान जिंक के सामुदायिक विकास कार्यक्रमों से सखी महिलाओं द्वारा लाइव हस्तशिल्प निर्माण उनके शिल्प कौशल और राजस्थान की कलात्मकता को प्रदर्शित करेग। ये प्रयास महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण राजस्थान में सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस दौरान वीआर आधारित फुटबॉल प्रशिक्षण सिमुलेशन का भी अनुभव मिलेगा, जिसमें हिंदुस्तान जिंक की अत्याधुनिक जिंक फुटबॉल अकादमी को दर्शाया जाएगा, जो 2018 से राजस्थान में युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को तराश रही है। स्टॉल पर नंदघर, आधुनिक आंगनवाड़ी का भी प्रदर्शन किया जाएगा, जो वेदांता की प्रमुख सामुदायिक कल्याण पहल का हिस्सा है जिसका उद्देश्य शिक्षा और पोषण के माध्यम से बच्चों और कौशल के माध्यम से महिलाओं का समग्र विकास करना है।

समिट के दौरान हिंदुस्तान जिंक एक बड़ी घोषणा भी करेगा, जो जिंक उद्योग को फिर से परिभाषित करने और मेटल्स और मिनरल्स में प्रमुख कंपनी के रूप में राजस्थान की स्थिति को और अधिक मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस हेतु अधिक से अधिक जानकारी के लिए 9 सके 11 दिसंबर के बीच स्टॉल 9बी का अवलोकन अवश्य करें।

## संक्षिप्त खबरें...

### रेलवे स्टेशन पर मिली अज्ञात बालिका को है परिवारजनों की तलाश



**चित्तौड़गढ़।** दिनांक 13 नवम्बर को चित्तौड़गढ़ रेल्वे स्टेशन के सर्कुलर एरिया में लगभग 1.5 से 2 वर्ष की अज्ञात शिशु बालिका को चाइड लाइन टीम मेम्बर सरिता मीणा व इरफान मोहम्मद ने बाल कल्याण समिति के समक्ष रात्रि 9.40 को प्रस्तुत किया। उक्त प्रकरण रेल्वे पुलिस थाना चितौड़गढ़ (शासकीय रेल्वे पुलिस अजमेर ) के द्वारा जीडी नम्बर 029 दिनाक 13.11.2024 पर दर्ज किया गया। अज्ञात शिशु बालिका की काउन्सलिंग का प्रयास किया गया परन्तु न तो बालिका कुछ बोल रही है और न ही परिवार के बारे में कुछ बताने में समर्थ है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष व सदस्यगण द्वारा संबंधित आस-पास क्षेत्र वाट्सअप ग्रुप में अज्ञात शिशु बालिका की सूचनामय फोटो डाली परन्तु उसके परिवारजनों का पता नहीं चल पा रहा है। अज्ञात शिशु बालिका स्वस्थ एवं सुरक्षित अवस्था में राजकीय शिशु गृह में आवासित है। समस्त कार्यवाही में अध्यक्ष प्रियंका पालीवाल सदस्यगण शिवदयाल सिंह लखावत, ओम प्रकाश लक्षकार सीमा भारती गोस्वामी नीता लोट व ललिता कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा चाइल्ड पोर्टल पर अपलोड किया। इस अज्ञात शिशु बालिक के माता पिता व परिजन मिलने पर नीचे दिये गऐ नम्बर संपर्क करे 8107649070 9414732187, 9413950777, 6375171860 ।

### बिजयपुर में घुमंतु सहायता शिविर आयोजित



**बिजयपुर।** ग्राम पंचायत बिजयपुर में शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक विकास के क्रम में घुमंतु समुदाय (विमुक्त, घुमंतू , अर्द्ध घुमंतु समुदाय) के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उक्त जातियों की सहायता का विशेष कार्य किया गया। क्लस्टर के सभी घुमंतु परिवारों ने पंचायत शिविर में DNT प्रमाण पत्र, मतदान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेजों का कार्य किया गया। शिविर का संचालन सहायक विकास अधिकारी गुलाम नबी मंसूरी पंचायत सरपंच श्यामलाल शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश उपाध्याय व पार्टनर एजेंसी अर्पण सेवा संस्थान से श्रीकांत सिंह परमार व संगीता त्यागी ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पटवारी निर्भय राम धाकड़ व राजेंद्र कुमार सैन ने भी भाग लिया।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर दिया ज्ञापन



**आकोला ।** क्षेत्र के ग्राम चौकड़ी, पटवार हल्का चौरवड़ी के ग्राम वासियों ने अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए दिया ज्ञापन। ग्राम चौकड़ी, पटवार हल्का चौरवड़ी आराजी संख्या 32, 34, 35, 58, 59, 60, 61, 1568/36 किस्म चरनोट भूमि स्थित है जो भूमि सरकारी है। उक्त भूमि पर ग्राम फतहनगर, तहसील मावली, जिला उदयपुर के मुसलमान (अज्ञात व्यक्ती) ने अवेध कब्जा कर रखा है जो गलत है। और ग्रामिणों के द्वारा कई बार मनाने पर भी कब्जा नही हटाया और तारबन्दी कर रखी है। कई बार ग्रामिणों के द्वारा मनाने का प्रयास किया गया किन्तु उक्त व्यक्ति हाथापाई करने को उतारू हो जाता है और अब स्थिती बिगड़ रही है और लड़ाई झगड़ा होने की सम्भावना पैदा हो रही है। इसे लेकर उपखण्ड अधिकारी को ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

### किसान का शव नहर से बरामद, डूबने से मौत

**बेगूं/ पारसोली।** गांव दुगार के रहने वाले 55 वर्षीय गोदू लाल रेगर पुत्र प्यार चंद का शव शुक्रवार सुबह औराई बांध की नहर से बरामद हुआ। एएसआई भवानी सिंह ने बताया कि गुरुवार रात करीब 8 बजे गोदू लाल अपने घर से खेत पर फसल को पानी देने के लिए निकला था, लेकिन वह सुबह तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने खेत के रास्ते और नहर के आसपास उसकी तलाश शुरू की। सुबह करीब 9 बजे गोदू लाल का शव गांव दुगार-आकोडिया मार्ग पर बने नाले की पुलिया के पास मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पारसोली सीएचसी भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में किसान की मौत का कारण नहर के पानी में डूबना बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डेयरी चेयरमेन जाट ने किया चंदाखेडी बीएमसी का उद्घाटन



**बेगूं ।** ग्राम चंदाखेडी, तहसील- बेंगु , जिला- चित्तौड़गढ़ में नई 2000 लीटर दूध क्षमता वाले बीएमसी (बल्क मिल्क कुलर) का उद्घाटन समारोह चंदाखेडी महीला ग्राम विकास दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मुख्यालय पर आयोजित हुआ। व जिला परिषद प्रतिनिधि प्रकाश मेवदा, व डेयरी आर पी स्टॉफ एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि बद्रीलाल जगपुरा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन के लिए उन्नत नस्ल के पशु पालने एवं डेयरी व्यवसाय में नवाचार लाने दुग्ध व्यवसाय को वृहद स्तर पर करने का आह्वान किया। अधिक से अधिक पशुपालको को सहकारी समीति से जुडने का ओर संघ द्वारा संचालित सभी योजनाओ का लाभ लेने का आह्वान किया व साथ ही संघ के हित में साथ खड़े रह कर संघ को आगे बढ़ाने के लिये एक जुट होने की बात कही। इस अवसर पर 110 दुग्ध दाताओ को बर्तन (केटली) पारितोषिक के रूप में वितरण की गई । अध्यक्षता ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जिला परिषद प्रतिनिधि प्रकाश मेवदा, विशिष्ट अतिथि पु.सरपंच सादी लाभचंद धाकड, पु. अध्यक्ष धाकड समाज देवी लाल धाकड, गिरधारी लाल जाट, जमना लाल धाकड, भरत बैरवा,हीरालाल धाकड, समिति अध्यक्ष श्रीमति मांगी देवी धाकड, बीएमसी सचिव व डेयरी आर पी स्टॉफ एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

### बिजयपुर में घुमंतु सहायता शिविर आयोजित

**बिजयपुर।** ग्राम पंचायत बिजयपुर में शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक विकास के क्रम में घुमंतु समुदाय (विमुक्त, घुमंतू , अर्द्ध घुमंतु समुदाय) के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उक्त जातियों की सहायता का विशेष कार्य किया गया। क्लस्टर के सभी घुमंतु परिवारों ने पंचायत शिविर में छ्ह' प्रमाण पत्र, मतदान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेजों का कार्य किया गया। शिविर का संचालन सहायक विकास अधिकारी गुलाम नबी मंसूरी पंचायत सरपंच श्यामलाल शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश उपाध्याय व पार्टनर एजेंसी अर्पण सेवा संस्थान से श्रीकांत सिंह परमार व संगीता त्यागी ने किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पटवारी निर्भय राम धाकड़ व राजेंद्र कुमार सैन ने भी भाग लिया।

# अधिशासी अधिकारी ने किया अन्नपूर्णा रसोई और नए बस स्टैंड का निरीक्षण



**बेगू (पुकार)।** नगर पालिका मंडल के अधिशासी अधिकारी विष्णु यादव नायब तहसीलदार बेगुं आज सुबह नए बस स्टैंड और अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर यादव ने सफाई कर्मचारियों को व्यापक स्तर पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यादव ने नए बस स्टैंड पर स्थित अन्नपूर्णा रसोई का भी जायजा लिया। यहां पर अनियमितताओं को देखते हुए उन्होंने ठेकेदार को हिदायत दी और स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो ठेकेदार का भुगतान रोक दिया जाएगा। इसके उपरांत, अधिशासी अधिकारी उप जिला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां संचालित अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। यादव ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि रसोई में केवल ताजा भोजन तैयार कराकर वितरित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने स्वयं रसोई का भोजन चखा और व्यापक सुधार के निर्देश दिए। विदित है कि अन्नपूर्णा रसोई में असहाय लोगों के लिए 8 में भरपेट खाना मिलता है ऐसे में अन्नपूर्णा रसोई में ठेकेदार द्वारा नियमों का पालन नहीं करना। गरीब एवं निर्धन लोगों के लिए समस्या है।यादव ने नगर की सफाई व्यवस्था और रसोई की गुणवत्ता में सुधार के लिए सख्त निर्देश जारी किए, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।। ईओ विष्णु यादव ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत बस स्टैंड, अन्नपूर्णा रसोई घर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर नवनिर्मित सुलभ कांप्लेक्स को जनता की सुविधा के लिए शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। चौपाटी भी शुरू होगी। बस स्टैंड पर यात्रियों को बैठने, पानी, शौचालय सभी व्यवस्थाएं ठीक की जाएगी। सर्दी को देखते हुए राहगीरों के लिए रैन बसेरा भी शुरू कर दिया गया है। रैन बसेरे में धूम्रपान, शराब निषेध की सूचना के प्लेक्स लगाए जाएंगे। रैन बसेरा की व्यवस्था के लिए कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।

## सर्वर से बैंक कर्मचारी परेशान और कर्मचारियों से उपभोक्ता परेशान



**गंगरार (पुकार) ।** सर्वर से बैंक कर्मचारी परेशान और कर्मचारियों से उपभोक्ता परेशान जी हा कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों उपखंड मुख्यालय पर स्थित चित्तौड़गढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. शाखा गंगरार में देखने को मिल रहा है। एक जानकारी के अनुसार प्रतिदिन उपभोक्ता बैंक में लेनदेन करने हेतु बैंक के निर्धारित समय पर बैंक में पहुंच रहे हैं। बैंक में 11 बजे से 11. 30 बजे तक बैंक का कार्य ठीक चलता है। उसके बाद उपभोक्ताओं को बैंक कर्मचारियों द्वारा एक जवाब सुनने को मिलता है की सर्वर डाउन है, अब लेन देन नहीं हो पायेगा। और सर्वर कब आएगा पता नहीं आयेगा भी नहीं कह नहीं सकते आ जाये तो अभी आ जाये नहीं आये तो शाम तक नहीं आये। जिसे लेकर उपभोक्ता सुबह से शाम तक बैंक के बाहर बैठे बैठे सर्वर आने का इंतजार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से यह समस्या प्रतिदिन सामने आ रही है जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही बैंक कर्मचारियों के सामने से एक ही जवाब सामने आ रहा है। सर्वर की समस्या है हम क्या करें। साथ ही संतोष प्रद जवाब नहीं दिया जा रहा है। इस दौरान बड़ी तादाद में उपभोक्ता बैंक के बाहर उपस्थित थे। हरि किशन जाट,नारायण लाल जाट,शंभुलाल जाट,राम लाल गाडरी, बादर लाल, गोरु लाल,किशन लाल,भेरू लाल,शंकर लाल, परवीन कुमार, कमलेश, मनोज, मनीष,राम लाल,राजकुमार,भगवान लाल,बनवारी लाल सहित बड़ी तादात में लोग उपस्थित थे। बैंक का कार्य प्रतिदिन ठीक तरह से संचालित हो रहा है हां आज एक बजे के बाद सर्वर की समस्या सामने आई है जिससे लेनदेन का कार्य प्रभावित हुआ है जिसे लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जल्द ही समस्या का समाधान होगा।

## कार से एक क्विंटल करीब अवैध डोडाचूरा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार




**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान एक वेन्यु कार से 99 किलो 780 ग्राम अवैध अफीम डोडा जब्त कर बालोतरा जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ कार्यवाही हेतू चलाये जा रहे अभियान के तहत अधिकाधिक कार्यवाही हेतू एएसपी सरिता सिंह एंव डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्री लाल के निर्देशन मे शनिवार को थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहैडा रामसुमेर पु.नि. व जाप्ता हैड कानि हरविन्दर सिंह, कानि. रामकेश, अमित कुमार, विजय सिहं , राकेश, अमीत, जगदीश व सरिया राम द्वारा जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौराने एक वेन्यु को रुकवाकर उसकी तलाशी ली गई तो कार में पांच प्लास्टिक के कट्टो मे भरा 99 किलो 780 ग्राम अवैध मिला। उक्त अफीम डोडा चुरा व वेन्यु कार को जब्त कर आरोपी बालोतरा जिले के पचपदरा थाने के बडनामा जागीर निवासी 32 वर्षीय रणवीर सिह भाटी पुत्र देवी सिह भाटी राजपुत उम्र को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

# बजरी के डंपर ने ऑटो को मारी टक्कर ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल



**गंगरार (पुकार) ।** बजरी के डंपर ने ऑटो को मारी टक्कर ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल, उपखण्ड मुख्यालय पर शनिवार को दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब सुदरी राशमी रोड नाले के करीब एक बजरी के डंपर ने एक ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे ऑटो चालक को गंभीर चोटे आई। सड़क पर दोनों वाहनों की लंबी कतारें लग गई।घायल चालक को तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चालक को आगे के इलाज हेतु जिला मुख्यालय स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया।

ज्ञात हो सड़कों पर दौड़ रहे हैं सरपट बिना नंबर के अवैध बजरी के डंपर क्षेत्र की समस्त सड़के क्षतिग्रस्त,इन दिनों उपखंड क्षेत्र में बजरी माफिया का बोलबाल सक्रिय है। और तो और सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन आमजन के लिए मुसीबत बने हुए हैं। मजेदार बात तो यह कि बिना नंबर के के वाहन उपखंड मुख्यालय पर बिना रोक-टोक के गुजर रहे हैं जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए है। ना कोई कहने वाला ना कोई सुनने वाला गुरुवार रात्रि में तेज रफ्तार से आता हुआ बजरी का डंपर उपखण्ड कार्यालय के समीप असंतुलित हो गया। यह तो भगवान का शुक्र रहा कि कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई अन्यथा कोई बड़ा भीषण हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।सड़क के बीचों बीच शुक्रवार को दोपहर तक खड़ा रहा।जिससे अन्य वाहन चालकों को सड़क से गुजरते हुए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।इन दिनों सैकड़ों की तादात में अवैध बजरी के डंपर सड़कों पर दौड़ रहे हैं और जिम्मेदार आदमी अपनी आंखे मूंदकर बैठे हैं।

# सालवी समाज के चतुर्थ रक्तदान शिविर में 101 यूनिट के साथ 60 प्रतिभाओं का सम्मान






**गंगरार (पुकार) ।** बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर सालवी समाज युवा संगठन के तत्वाधान में चतुर्थ रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन कांटी पंचायत के भटवाड़ा खुर्द रक्तियाँ बावजी में क्षेत्रीय विधायक डॉ सुरेश धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । सालवी समाज युवा संगठन के अध्यक्ष सोनू सांचौरा ने बताया की समाज के चारों चोखला के मोतबिरान की उपस्थिति में मुख्य अतिथि विधायक सुरेश धाकड़ ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया । समाज द्वारा मुख्य अतिथि डॉ धाकड़ को साफा और 51 किलो फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया । संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ धाकड़ ने कहा कि यह सरकार जनता की सरकार है इसमें लगातार सभी के काम होंगे । बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे । तहसिलदार पुष्पेंद्र सिंह राजावत ने कहा की रक्त दान श्रेष्ठ दान है यह किसी का जीवन बचाता है । विकास अधिकारी देवीलाल बलाई ने समाज में शिक्षा पर जोर देने की बात रखी ।अजमेर विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता भरत कुमार, जेईएन पवन कुमार ने युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए लगातार सामाजिक सरोकार के कार्य करने हेतु प्रेरित किया। सेवानिवृत अध्यापक शंकरलाल गुरजनिया ने समाज की ओर से मुख्य अतिथि डॉ सुरेश धाकड़ से गंगरार क्षेत्र में सालवी समाज छात्रावास के नाम दो बीघा भूमि आवंटन की मांग रखी । जिस पर विधायक द्वारा सभी को आश्वस्त करते हुए बताया की इसी कार्यकाल में भूमि आवंटन होकर छात्रावास का कार्य भी चालू कराया जाएगा ।इस बार चतुर्थ रक्तदान शिविर में महाराणा भूपाल चिकित्सालय उदयपुर की टीम एवं चित्तौड़ ब्लड बैंक की टीम द्वारा 101 यूनिट रक्त संग्रह, अलख नयन मंदिर नेत्र चिकित्सालय उदयपुर की टीम द्वारा नेत्र जांच शिविर में 109 लोगो की आंखों की जांच की जिसमें से 9 लाभार्थियों को आंखों के निःशुल्क ऑपरेशन हेतु उदयपुर रेफर किया ।

समापन कार्यक्रम में डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट जगपुरा,प्रधान प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणावत ने संबोधित करते हुए सालवी समाज द्वारा आयोजित मानव हितार्थ शिविर की प्रशंसा करते हुए समाज का हरसंभव सहयोग करने की बात कही ।कार्यक्रम में आम मेवाड़ सालवी समाज मातृकुंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सालवी, चंदेरिया चोखला अध्यक्ष मदन लाल पुठोली, सालवी नवयुवक संस्थान के जिला अध्यक्ष श्याम सालवी, उगमना चोखला अध्यक्ष हीरालाल गंगरार, ध्रुव चोखला अध्यक्ष उदयलाल पुर , एसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नंदलाल सालवी गंगरार पूर्व पंचायत समिति सदस्य कालूराम बड़ोदिया ,प्रहलाद पूठोली चंपालाल भाटखेड़ा,मेघराज जाडाना, सरपंच सुखराज दादिया,सरपंच नारायण लाल शादी, सरपंच गोवर्धन रोलाहेड़ा,डॉ दीपक उदयपुर, सालवी समाज नवयुवक सेवा समिति से धर्मराज ओजागार, पीरु सोनियाणा, राजू जबरकिया सहित मेवाड़ अनेक समाज सेवियों ने कार्यक्रम में शिरकत की । कार्यक्रम संरक्षक बख्शीराम खारखंदा,मदनलाल रुद समस्त सालवी परिवार भटवाड़ा,पूर्व अध्यक्ष जानकी लाल रूद एवम् समाज के रतन सालवी, रतन सालवी,भगवान सालवी कैलाश सालवी,कान जी,भेरूलाल सालवी द्वारा विशेष सहयोग करने वाले भामाशाह निर्मल सांचौरा,सुरेश पुठोली, देवेंद्र जायसवाल ,लादूलाल दड़बा नवीन पांडोली शिव गंगरार रतन जित्यास रमेश सालवी पुजारी मातृकुंडिया के साथ सभी भामाशाहों का उपर्णा पहनाकर स्वागत किया ।

जय भीम सालवी समाज युवा संगठन गंगरार राशमी के गोविंद सिंगोला, कैलाश रूद राजू खारखंडा, राजू काटी ,सोनू पावली, पृथ्वीराज बारू,परभु, कमलेश, देवीलाल कचनारिया,भगवतीलाल,राजू,राजकुमार गंगरार,हजारी भीमगढ़, बक्सू दड़बा, पीरु सुंदरी दयाराम मेदाखेड़ी पप्पू भटवाड़ा ने रक्तदान करने वाले रक्तवीरो और प्रतिभाओं का मोमेंटो भेंट कर एवं उपराना ओढ़ा कर सम्मान किया गया । पंचम प्रतिभा सम्मान और रक्तदान शिविर ग्राम जाड़ाना राशमी में रखने पर संगठन के सभी साथियों द्वारा झाडाना वासियों का उपर्णा पहनाकर स्वागत किया ।

#### खिलाड़ियों ने किया स्वागत अभिनंदन

गंगरार मेजर नटवर सिंह स्टेडियम के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने नवनियुक्त उपखंड अधिकारी पंकज कुमार बडगूजर का स्वागत अभिनंदन किया। गंगरार मेजर बॉस्केटबॉल स्टेडियम के संरक्षक बाबूलाल बालोटीया ने बताया कि इंटरनेशनल रेफरी मुकेश खटीक एवं बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रशांत राजपूत के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी महोदय का समस्त बास्केटबॉल खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने माल्यार्पण ,उपरणा एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया । संरक्षक बाबूलाल बालोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वागत के दौरान सभी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने मेजर नटवरसिंह स्टेडियम (लेवा ग्राउंड)के विकास , खेलो एवं खेल मैदान की दुर्देषा ,बास्केटबॉल ग्राउंड का नवीनीकरण हेतु विचार- विमर्श कर उपखण्ड के एक मात्र खेल स्टेडियम की दूरदर्शा से अवगत कराया ।इस दौरान नवनियुक्त उपखंड अधिकारी ने सभी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को अति शीघ्र खेल स्टेडियम एवं बास्केटबॉल ग्राउंड का नवीनीकरण करवाने ,फ्लड लाइटिंग लगाने का आश्वासन दिया है। स्वागत एवं विचार -विमर्श के दौरान खेल भामाशाह गोपाल शर्मा,नारायण जाट, टीकम सिंह, राहुल शर्मा,सीनियर खिलाड़ी निरंजन सोनी, हरीश वैष्णव, प्रशांत राजपूत, राष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन खटीक ,प्रिंस खटीक,मोहित हरिजन ,भैरू सिंह, कार्तिक पोरवाल,पीरु मंसूरी,रवि खटीक कई बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्तिथ रहे।

### केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल आज निम्बाहेड़ा में



**निम्बाहेड़ा।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे स्वर्ण जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल 8 दिसंबर को निम्बाहेड़ा पधारेंगे। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने बताया कि जे.के. सीमेंट के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव में भाग लेने के लिए केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल 8 दिसंबर, रविवार को प्रातः 9 बजे हेलीकॉप्टर के द्वारा जयपुर से रवाना होकर प्रातः 10 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निम्बाहेड़ा के खेल मैदान पर बने हेलीपेड पर पहुंचेंगे। यहां भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता केंद्रीय मंत्री मेघवाल की अगुवाई कर स्वागत करेंगे। कृपलानी ने बताया कि केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री मेघवाल जे.के. सीमेंट के एल.के. सिंघानिया पब्लिक स्कूल के फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेकर दोपहर 1 बजे पुनः हेलीकॉप्टर के द्वारा जयपुर के लिए रवाना होंगे।

### पीजी कॉलेज छात्रों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा साफ कर श्रमदान किया

**चित्तौड़गढ़ ।** जिले के सबसे बड़े महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर काफी समय से सफाई के अभाव में धुल जमने पर महाविद्यालयी छात्रों ने प्रतिमा की सफाई करते हुए आस पास सफाई की। इस दौरान महाविद्यालय के छात्रनेता अजय पारीक के साथ नारायण मेनारिया, आजादसिंह, भूपेन्द्रसिंह, बालकिशन, सुनील डांगी, राजवर्धन, अनीश सहित कई कार्यकर्ताओं ने सफाई कार्य किया।

# बाबा साहेब के महानिर्वाण दिवस पर रक्तदान शिविर में 153 यूनिट रक्तदान

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के निर्वाण दिवस पर उनके पुण्य स्मरण में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ब्लड फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

फाउंडेशन के संस्थापक मनोज कुमार बैरवा ने बताया कि शिविर में युवा रक्तदाओं का उत्साह देखा गया। श्री सांवलियाजी राजकीय चिकित्सालय के नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में शुक्रवार 6 दिसम्बर को आयोजित इस शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला और उपखंड अधिकारी बीनू देवल ने भी रक्तदान कर युवाओं को संदेश दिया। इस दौरान आरएए सुरेश खटीक, अतिरिक्त कलक्टर रामचन्द्र खटीक, पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत भी मौजूद रहे। समारोह के दौरान आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला ने कहा कि रक्तवीरों का सम्मान ज्यादा आवश्यक है और ऐसे मौके पर रक्तदान किया जाना बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचन्द्र खटीक ने ब्लड फाउंडेशन द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि युवाओं को प्रेरित कर मानव सेवा के लिए रक्तदान जैसा पुनीत कार्य करना प्रसंशनीय है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए आह्वान किया। रक्तदान शिविर के दौरान सुबह से दोपहर तक रक्तदाताओं का सिलसिला चलता रहा वहीं बाबा साहेब की जंयती 14 अप्रेल पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करने पर सहमति हुई। रक्तदान शिविर में रक्तदाता अंकित मीणा ने 52वीं बार और प्रकाश मेघवाल ने 28वीं बार और पूरण मेहरा ने 27वीं बार रक्तदान किया। जिन्हें प्रशस्ति पत्र दिये गये। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने रक्तदाताओं का भी सम्मान किया वहीं इस क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं पल्लवन ब्लूमिंग लाइव्स, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय निम्बाहेड़ा, एटीबीएफ, एसएमबी ब्लड सोसायटी, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा, काजी पिया रक्त फाउंडेशन, एटीबीएफ महिला टीम, ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान चिकारड़ा के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया।

# सम्पादकीय

## अरावली की बलि

हाल ही में इस खबर ने हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित किया है कि पड़ौसी राज्य हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है।

नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुनर्स्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियां जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थतिकीय तंत्र बनाती थी। लेकिन दुर्भाग्य से अब अरावली पर्वत श्रृंखला देश की सबसे खराब स्थितियों के लिये जानी जाती है। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है।

यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत श्रृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं।

साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया था। स्वदेशी वन संपदा को सामुदायिक जुड़ाव के जरिये संरक्षित करने की योजना थी। इसके अंतर्गत 35000 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपजाऊ बनाना भी मकसद था।

निस्संदेह, इस पर्यावरणीय संकट से निबटने के लिये पर्वत श्रृंखला के निकटवर्ती राज्यों में सहयोगात्मक प्रयास जरूरी हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक भी वनीकरण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसी पहलों के लिये वित्त पोषण करके अरावली परियोजना को संबल दे रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर कती है कि हम अवैध खनन और अतिक्रमण रोकने के लिये संरक्षण कानूनों को कितनी सख्ती से लागू करते हैं। जिसमें भूमि संरक्षण अधिनियम जैसे कानूनी सुरक्षा उपायों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण होगा। साथ ही सदियों में विकसित हुए पारिस्थितिकीय खजाने की रक्षा के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों को तमाम मतभेदों व कृत्रिम विभाजन को दरकिनार करके आगे आना होगा। निस्संदेह, ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट दशकों से प्राकृतिक संसाधनों की लूट से हुए विनाश की क्षतिपूर्ति की दिशा में एक सार्थक कदम है। जिसमें सरकारी, निजी स्तर और सामुदायिक भागीदारी से इन प्राचीन पहाड़ियों को पुनर्जीवित करने की आशा जगती है।

# पुलिस ने एक दिन विलम्ब से पेश किया चालान, मारपीट व लूट के आरोपी को मिली जमानत

**उदयपुर (पुकार)।** जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र में रास्ते में रोक मारपीट व लूट करने के मामले में पुलिस द्वारा 90 दिन में चालान पेश नहीं करने पर न्यायालय ने आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया। साथ संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को आदेश की प्रति भेजने के निर्देश दिए।

प्रकरणानुसार बेकरिया थानांतर्गत लोहारचा फली (धोलीमगरी) निवासी मोतीराम पुत्र रणछाराम गमेती ने गत 23 अगस्त को थाने में दी रिपोर्ट में 18 अगस्त 2024 को अपने साथी चनाराम पुत्र राजाराम गरा. के साथ पिंडवाड़ा से मजदूरी कर घर लौट रहा था। क्यारी में उन्हें 6 युवको ने रोक मारपीट कर जेब से रुपए व मोबाइल लूट लिए। पड़ौसी गाँव के होने से दो व्यक्तियो को पहचान लिए, जिनके नाम पिण्टाराम एवं थावरा व इनके साथ चार व्यक्ति अन्य जो अंधेरा होने से पहचान में नही आये। इतने में पिण्डवाडा की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आये इनको भी वही रूकवाया व इनके साथ भी मारपीट की और उनकी मोटरसाइकिल बदमाशो ने ले ली। उसके बाद बदमाश मौके से मोटरसाइकिल लेकर भाग गये।

इस मामले में गिरफ्तार क्यारी निवासी पिन्टाराम पुत्र चुनाजी को 6 सितम्बर को गिरफ्तार कर 7 सितम्बर से 9 सितम्बर तक पुलिस रिमांड पर रखा और उसके बाद 9 सितम्बर से न्यायिक अभिरक्षा में है। आरोपी की ओर से जमानत के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट गोगुंदा की अदालत में प्रार्थना पत्र पेश किया गया।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता धर्मेश पालीवाल ने अभियुक्त के सजायाबी रिकॉर्ड निल बताते हुए तर्क दिया कि अभियुक्त गरीब व्यक्ति होकर अपने घर में एकमात्र कमाने वाला सदस्य है। ऐसी स्थिति में उसे और अधिक समय तक न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया तो उस एवं उसके परिवार वालो पर विपरीत असर पड़ने की प्रबल संभावना है।

साथ ही जमानत की स्थिति में अभियोजन गवाहान को टेम्परविथ किये जाने की कोई संभावना नहीं है। वह अपनी सकुनत का स्थाई निवासी है जिसके जमानत अवधि के दौरान कहीं भागने अथवा फरार होने का कोई अंदेशा नहीं है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्रसिंह चारण ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद दिए निर्णय में लिखा कि आरोपी के विरुद्ध धारा 310 (2) भा.न.सं का अपराध है जिसमें आजीवन कारावस तक के दंड का प्रावधान है। धारा 187 भा.न.सं 2023 के अंतर्गत आजीवन कारावास से दंडनीय अपराध के संबंध में 90 दिवस से अधिक अवधि तक यदि आरोप पत्र पेश नहीं हुआ है तो अभियुक्त की अभिरक्षा प्राधिकृत नहीं की जा सकती है। अभियुक्त को 7 सितम्बर को अभिरक्षा में भेजा गया था। उसकी 90 दिवस की अभिरक्षा की अवधि 5 दिसम्बर को समाप्त हो गई थी और जमानत के लिए प्रार्थना पत्र 6 दिसम्बर को पेश किया गया जो अभिरक्षा का 91वां दिन है। अतः अभियुक्त को धारा 187 भा.न.सं 2023 के अंतर्गत डिफॉल्ट जमानत का लाभ दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रार्थना पत्र स्वीकार कर आरोपी को 20 हजार के सशर्त जमानत मुचलके पर रिहा करने के आदेश दिए। साथ ही आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक उदयपुर को संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजने के आदेश दिए। आरोपी को प्रत्येक पेशी पर अदालत में उपस्थित रहना होगा।

## सरकारी स्कूल के बच्चों में मारपीट, चार बच्चे को डिटेन कर बाल सम्प्रेषण गृह भेजा

**उदयपुर (पुकार)।** सरकारी स्कूल के छात्र के साथ सहपाठी छात्रों ने पैसों अवैध मांग करते हुए मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने चारों बच्चों को डिटेन कर बाल सम्प्रेषण गृह भेज दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शांतादेवी पत्नी नारायणलाल कीर निवासी स्वराज नगर सूरजपोल ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र जिग्नेश कीर (14) महात्मा गांधी स्कूल सेक्टर 11 में कक्षा 8वीं में पढ़ता है। शाम 6 बजे पुत्र ने बताया कि उसकी कक्षा में ही पढ़ने बाले दीवान शाह कॉलोनी के आस-पास रहने वाले कुछ लड़के आए दिन बेवजह परेशान करते हैं। वे उसे उनका होमवर्क करने के लिए भी डराने- धमकाते व गाली-गलौच करते हैं। ये रोजाना डरा धमका कर उससे पैसे भी मांगते हैं। 5 दिसम्बर को दिन में सभी बच्चे कक्षा में थे, उस समय कक्षा में कोई भी शिक्षक नहीं था तो इसका फायदा उठाकर चारों लड़कों ने डरा धमका कर फिर रुपए मांगे। रुपए नहीं देने तथा मना करने पर इन चारों ने उसके साथ मारपीट की। कक्षा में हो-हल्ला सुनकर स्कूल की शिक्षिका गीता और आरती मैडम आ गई और बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। रिपोर्ट पर सूरजपोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों बाल अपचारियों को डिटेन कर बाल सम्प्रेषण गृह भेज दिया।

## ट्रेन की चपेट से महिला और मासूम बेटे की मौत

**उदयपुर (पुकार)।** रेलवे पटरी पार करते ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके मासूम बेटे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार संगीता (19) पत्नी धर्मेन्द्र साहनी निवासी चंपारण हाल एकलिंगपुरा शुक्रवार दोपहर अपने 6 माह के पुत्र को गोद में लेकर एकलिंगपुरा में रेलवे पटरी पार कर रही थी। इस दौरान अचानक ट्रेन आ गई जिससे वह उसकी चपेट में आ गई। उसका पुत्र ट्रेन की टक्कर से उछलकर पत्थरों पर जा गिरा, जिससे सिर में चोट आने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के पास मिले फोन के आधार पर मजदूरी पर गए उसके पति से सम्पर्क कर शवों की पहचान की।

## खेत पर काम कर रही महिला की सर्पदंश से मौत

**उदयपुर (पुकार)।** खेत पर काम कर रही एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। लेमड़ी (31) पुत्र रोशन लाल मीणा निवासी उन्दरा खेत आम्बुवा दो दिसम्बर को खेत पर काम कर रही थी। इस दौरान उसे सांप ने काट लिया। इस दौरान उसके पांव में जलन होने पर उसने घर पर जाकर परिजनों को बताया, जिस पर परिजन उसे हिरणमगरी सेटेलाइट चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद एमबी चिकित्सालय रैफर कर दिया गया, जहां पर उपचार के दौरान इस महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## 99.7 किलो डोडा चूरा जब्त, एक गिरफ्तार

**निम्बाहेडा।** कोतवाली थाना पुलिस ने शनिवार को जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान एक कार से 99 किलो 780 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर बालोतरा जिले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जलिया चैक पोस्ट पर नाकाबन्दी के दौरान एक कार को रुकवा कर उसकी तलाशी ली गई तो कार में पांच प्लास्टिक के कट्टों में भरा 99 किलो 780 ग्राम अवैध डोडाचूरा मिला। इसे जब्त कर आरोपी बालोतरा जिले के बडनामा जागीर निवासी रणवीर सिह भाटी (32) पुत्र देवी सिह भाटी राजपूत को गिरफ्तार किया।

# सफाई व्यवस्था सुधारने निगम करेगा समझाइश, फिर सख्ती

### अब सड़क पर कचरा डालने वालों की खैर नहीं, अनुज्ञा नवीनीकरण पर दिखानी होगी कचरा संग्रहण वाहनों की पर्चियां

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने में एक और नई कवायद शुरू की है। निगम आयुक्त राम प्रकाश ने पहले तीन दिन शहर के सभी वार्डों में सफाई रखने को लेकर समझाइश शुरू की है और उसके बाद में सफाई व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ सख्ती शुरू की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि उदयपुर शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नई कवायद शुरू की जा रही है। निगम क्षेत्र के वार्डों में सभी 10 सेक्टर प्रभारियों को ऐसे स्थान जहां पर आसपास के व्यापारियों और लोगों द्वारा कचरा सड़क पर फेंका जाता है वहां जाकर कचरा सड़क पर नहीं डालने हेतु समझाइश करने के निर्देश दिए हैं। सेक्टर प्रभारी क्षेत्र के सफाई कर्मियों के साथ जाकर सभी से अपील करेंगे इसके उपरांत भी यदि लोगों या व्यापारियों द्वारा सड़क पर कचरा फेंका जाता है तो नगर निगम द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ शास्ती लगाकर पाबंद किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के साथ में किसी तरह से कोई भी समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। शहर को साफ रखने में निगम द्वारा कई तरह से सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों को नियत समय तक पहुंचाया जा रहा है, साथ ही जहां पर कचरा संग्रहण करने वाले वाहन नहीं पहुंच पाते हैं वहां पर सफाई कर्मियों द्वारा प्रत्येक घर से कचरा इकट्ठा किया जा रहा है। फिर भी रात्रि को कई व्यवसाइयों एवं शहर वासियों द्वारा अपने घर का कचरा सड़क पर फेंक कर शहर की सुंदरता को धूमिल किया जा रहा है जो बर्दाश्त योग्य नहीं है। नगर निगम ऐसे लोगों से पहले तीन दिन तक समझौता वादी रवैया अपनाकर उन्हें ऐसा नहीं करने की अपील करेगा, इसके बाद में ऐसे कृत करने वालों के खिलाफ सख्ती करेगा।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार से की जा चुकी है सोमवार से नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। निगम द्वारा घरेलू कचरा या व्यावसायिक कचरा सड़क पर डालने वालों के खिलाफ शास्ती काटने की कार्यवाही करेगा।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि प्रति सप्ताह शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक ली जाएगी जिसमें स्वास्थ्य शाखा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मिलित किया जाएगा। उनके द्वारा सफाई व्यवस्था में किए गए सुधार के बारे में जानकारी ली जाएगी। यदि कर्मचारियों को किसी स्थान पर समस्या हो रही है तो उसकी जानकारी लेकर उस समस्या का समाधान भी तुरंत ही करवाया जाएगा।





**कुछ लोगों के कारण छवि हो रही धूमिल :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि हालांकि उदयपुर की सफाई व्यवस्था स्तरीय है लेकिन रात्रि में कुछ शहर वासियों एवं व्यवसायिक रेस्टोरेंट संचालको द्वारा सड़क पर जूठन फेंक दिया जाता है। इस जूठन को शहर के आवारा स्वानो द्वारा पूरी सड़क पर फैला दिया जाता है। इस कचरे को हटाने के उपरांत भी सड़क पर दोपहर तक बदबू रहती है एवं आसपास का वातावरण खराब रहता है। शहर में ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष रेस्टोरेंट एवं अन्य व्यवसाय करने वाले संचालकों को व्यवसाय करने की अनुज्ञा जारी की जाती है। अगली बार से अनुज्ञा अवधी उन व्यापारियों की ही बढ़ाई जाएगी जिसके पास में कचरा संग्रहण वाहनों में कचरा डालने की पर्ची मिलेगी। यदि किसी व्यापारी के पास नगर निगम डोर टू डोर संग्रहण करने वाले की कचरा पर्ची नहीं मिलेगी तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए लाइसेंस की अवधि को नहीं बढ़ाया जाएगा।

**पहले दिन सहेलियों की बाड़ी पर किया जागृत :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि सफाई को लेकर शहर वासियों के मध्य जाकर तीन दिवसीय जागरूकता अभियान शुक्रवार से प्रारंभ किया गया था जो रविवार तक चलेगा। अभियान की शुरुआत नगर निगम उपायुक्त दिनेश मंडोवरा द्वारा की गई। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र श्रीमाली सेक्टर ऑफिसर एवं सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने सहेलियों की बाड़ी क्षेत्र में घूम कर वहां व्यवसाय करने वालों को अपने आसपास कचरा नहीं फैलाने के साथ-साथ डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों में ही अपना कचरा निस्तारण करने की अपील की।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी, दूसरा टेस्ट: दूसरी पारी में टीम इंडिया ने गंवाए 5 विकेट**

# एडिलेड टेस्ट में बैकफुट पर भारत, ट्रेविस हेड ने जड़ा शतक, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 337 रन





**एडिलेड (एजेंसी)।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट मैच 6 दिसंबर से एडिलेड में शुरू हुआ। शनिवार (7 दिसंबर) को मैच का दूसरा दिन था। दूसरे दिन स्टंप्स तक भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 128 रन बनाए। ऋषभ पंत 28 और नीतीश कुमार रेड्डी 15 रन बनाकर नाबाद हैं। भारतीय टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 29 रन पीछे है और उसके पास पांच विकेट बाकी हैं। तीसरे दिन भारतीय बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

भारत ने इस पिंक बॉल टेस्ट में अपनी पहली पारी में 180 रन पर सिमटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 337 रनों पर ऑलआउट किया। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया को 157 रनों की बढ़त मिली। इस मैच में ट्रेविस हेड ने 140 रन की शानदार पारी खेली, जो उनके करियर का आठवां टेस्ट शतक और भारत के खिलाफ दूसरा शतक था।

भारत की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही, और उसने महज 12 रन के स्कोर पर ही केएल राहुल (7) का विकेट खो दिया। राहुल को पैट कमिंस ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद यशस्वी जायसवाल भी 24 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आउट हो गए। विराट कोहली भी कुछ खास नहीं कर पाए और बोलैंड की गेंद पर कैरी को कैच दे बैठे। कोहली ने 21 गेंदों में 11 रन बनाए। शुभमन गिल (28) से अच्छी पारी की उम्मीद थी, लेकिन मिचेल स्टार्क ने उनका मिडिल स्टंप उड़ा दिया। कप्तान रोहित शर्मा भी पैट कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए, उन्होंने 5 रन बनाए। इसके बाद ऋषभ पंत और नीतीश रेड्डी ने दिन के अंत तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया।

## बुमराह और सिराज ने 4-4 विकेट झटके

भारत के 180 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 337 रन बनाए। ट्रेविस हेड ने शानदार 140 रन की पारी खेली। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 4-4 विकेट लिए, जबकि नीतीश रेड्डी और रविचंद्रन अश्विन को 1-1 सफलता मिली। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने भारत को पहली सफलता दिलाई। उस्मान ख्वाजा को 13 रन पर रोहित शर्मा के हाथों स्लिप में कैच कराया। ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट 24 रन पर गिरा। दूसरे दिन भारत को दूसरी सफलता भी बुमराह ने दिलाई। उन्होंने नाथन मैकस्वीनी (39) को ऋषभ पंत के हाथों कैच करवा दिया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के स्कोरकार्ड में महज 12 रन और जुड़े और स्टीव स्मिथ भी बुमराह के जाल में फंसकर पंत को कैच दे बैठे। स्मिथ के आउट होने के बाद ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन ने पारी को आगे बढ़ाया और स्कोर को 168 तक पहुंचाया, लेकिन लाबुशेन (64) नीतीश रेड्डी की गेंद पर गली में यशस्वी जायसवाल को कैच थमा बैठे। मिचेल मार्श (9) अश्विन की गेंद पर पंत के हाथों कैच हो गए। इसके बाद एलेक्स कैरी (15) और ट्रेविस हेड ने उपयोगी साझेदारी की, लेकिन 282 रन के स्कोर पर कैरी आउट हो गए। इसके बाद ट्रेविस हेड (140) भी आउट हुए और ऑस्ट्रेलिया के अंतिम तीन विकेट महज 27 रन के अंदर गिर गए।

**अंडर-19 एशिया कप: बांग्लादेश के खिलाफ खिताबी मुकाबला आज**

# नौवीं बार 'एशिया' फतह करने उतरेगी यूथ ब्रिगेड

**प्रसारण सुबह 10.15 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर...**




**दुबई, (एजेंसी)।** । मोहम्मद अमान की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप अंडर-19 के खिताब को जीतने के साथ-साथ पिछले संस्करण के सेमीफाइनल में बांग्लादेश से मिली हार का बदला लेने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत और बांग्लादेश के बीच 2023 एशिया कप के सेमीफाइनल का यह पुनर्निमाण होगा, जहां दोनों टीमें फिर से आमने-सामने होंगी। यह मैच गत चैंपियन भारत और अब तक आठ बार एसीसी अंडर-19 एशिया कप ट्रॉफी जीतने वाले देश बांग्लादेश के बीच होगा। मैच रविवार को सुबह 10.15 बजे दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा, जिसका लाइव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। मौजूदा प्रतियोगिता में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में हार को छोड़कर भारत ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हराया है, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ कल खेले गए सेमीफाइनल मैच में 28 ओवर पहले सात विकेट से आसान जीत शामिल है।

वहीं बांग्लादेश भी प्रभावशाली रहा है, जिसने ग्रुप चरण में श्रीलंका से केवल एक मैच हारा और दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। भारत के लिए आयुष म्हात्रे और 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने अब तक खेले गए चार मैचों में क्रमशः 175 और 167 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाए हैं। बांग्लादेश के लिए उनका प्रमुख हथियार उनका गेंदबाजी आक्रमण रहा है, जिसमें मोहम्मद अल फहद 10 विकेट लेकर सबसे आगे हैं, जबकि मोहम्मद इकबाल हसन इमोन के पास भी 10 विकेट हैं।

## बल्लेबाजी वर्सेस गेंदबाजी मुकाबला

कुल मिलाकर यह मैच भारत के मजबूत बल्लेबाजी क्रम और बांग्लादेश की प्रभावशाली गेंदबाजी लाइन-अप के बीच मुकाबला होगा। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में बांग्लादेश ने सेमीफाइनल में भारत को 43 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराया था, जिसके बाद उसने मेजबान संयुक्त अरब अमीरात को फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया था। दूसरी ओर, भारत ने 1989, 2003, 2012, 2013-14, 2016, 2018, 2019, और 2021 में एशिया कप की प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरेन्द्र कुमार शर्मा राजस्थान हाईकोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के लिए पंजीकृत

**राजसमंद (पुकार)।** सुरेन्द्र कुमार शर्मा को अभी हाल ही राजस्थान हाईकोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के लिए बार कौसिंल राजस्थान जोधपुर द्वारा पंजीकृत किया गया है। गौरतलब है कि आपने राज्य सरकार की सेवाओं से रिटायरमेंट के बाद एलएलबी की पढ़ाई नियमित छात्र के रूप में की है और 65 वर्ष की उम्र में डिग्री प्राप्त कर वकालत करने जा रहें हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने लगभग 42 वर्ष तक राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों पर जिसमें निजी सचिव, पीआरओ, प्रशासनिक अधिकारी रहते हुए मैनेजर मेडिकल के पद से 2019 में सेवानिवृत्त होने के बाद आपने विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी से एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने हिंदी साहित्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है तथा विभिन्न संगठनों द्वारा उन्हें समय-समय पर सम्मानित किया जा चुका है। शर्मा गीतकार हैं तथा उनके गीत आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित होते रहें है तथा विभिन्न स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में इनकी रचनाओं को प्रकाशित किया जा चुका है। इनके हिंदी साहित्य में विश्व की पहली काफी टेबल बुक शब्दों के सारथी को संपादित कर उसका लोकार्पण करवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शर्मा विभिन्न साहित्यिक संगठनों से जुड़े हुए हैं तथा शब्दों के सारथी, मध्यप्रदेश, परिवर्तन संस्थान, सृजनतीर्थ के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लगभग बीस वर्ष तक विभागीय सहकार मेलों में कवि सम्मेलनों का आयोजन एवं संचालन किया है। इसके साथ ही राज्य के सहकारी विभागों के विविध कार्यक्रमों के लिए 35 वर्ष तक एंकर के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। अब एक एडवोकेट के रूप में राजस्थान हाईकोर्ट में अपना नया कैरियर प्रारंभ करने जा रहे हैं।


एसके शर्मा

### डीटीओ का चार्ज किसी को नहीं देने से ट्रक ऑपरेटर परेशान

**राजसमंद (पुकार)।** चारभुजा खंडा क्रेजी ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गुर्जर ने जिला परिवहन अधिकारी के एपीओ होने के बाद विभाग के रोजमर्रा कार्य ठप होने का आरोप लगाते हुए जिला परिवहन विभाग में डीटीओ शीघ्र लगाने की मांग की है। यूनियन अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि विगत एक पखावाडा से परिवहन विभाग में गाडियां ट्रांसफर एवं नये वाहन रजिस्ट्रेशन से संबंधित कोई कार्य नहीं हो रहा है। जिससे राज्य सरकार को भी राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं वाहन मालिकों को फिटनेस व अन्य कार्यों के लिए चक्कर काटने के बावजूद कार्य नहीं हो रहे हैं। यूनियन अध्यक्ष ने किसी अन्य अधिकारी को चार्ज देकर राहत प्रदान करने एवं डीटीओ कल्पना शर्मा का एपीओ वापस लेने की भी मांग की है।

### जिले में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत होने पर दिया कुमारी का जताया आभार

**राजसमंद (पुकार)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश भर में 81 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना की मंजूरी की गई। इसी के तहत राजसमंद एवं भीम विधानसभा में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिलने पर जिला भाजपा नेता नर्बदा शंकर पालीवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक रांका, प्रवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष माधव चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट, राजसमंद पंचायत समिति उप प्रधान सुरेश कुमावत, पूर्व प्रधान सुरेश जोशी, जिला मंत्री प्रदीप खत्री, पूर्व मोर्चा नगर अध्यक्ष धीरज पुरोहित, भेरूलाल नंदवाना, पार्षद आशीष पालीवाल, पसुन्द सरपंच आयन जोशी, भेरुलाल जोशी, भेरूलाल कुमावत सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजसमंद की पूर्व सांसद एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं राजसमंद सांसद महिमा कुमारी का आभार जताते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के राजसमंद सांसद रहते उनके अथक प्रयास से लोकसभा क्षेत्र के राजसमन्द एवं भीम में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिली।

### समायोजन सूचियों में निर्देशों के उल्लंघन का आरोप

**राजसमंद (पुकार)।** शिक्षा विभाग द्वारा अधिशेष शिक्षक समायोजन में जिला शिक्षा अधिकारियों ने राज्य सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए मनमर्जी से पदस्थापन करने का राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला इकाई ने विरोध करते हुए निर्देशों को ताक में रखकर किए गए आदेशों को वापस लेने की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य, सभाध्यक्ष ऋषिकेष गुर्जर, जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी, महिला मंत्री वीणा वैष्णव, संगठन मंत्री शंकर माली, कल्पना खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष उदयलाल पालीवाल, सचिव विनोद आचार्य, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण, खुशाल दास, केसरसिंह, शूरवीरसिंह ने बताया कि संगठन के साथ निदेशक के हुई वार्ता में तय हुआ था कि अधिशेष शिक्षकों को वरीयता के आधार पर पहले पीईईओ में फिर ब्लॉक में और दोनों में पद रिक्त ना होने की दशा में ब्लॉक से बाहर पदस्थापित किया जाएगा। मगर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने लगभग 21 और प्रारंभिक ने 9 शिक्षकों को निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अन्य ब्लॉक में समायोजित किया है। संगठन ने कर्मचारी की सहमति के बिना जिन शिक्षकों के ब्लॉक बदले गए उनको तुरंत निरस्त करने की मांग की है।

### 8 दिसम्बर रविवार को महाविद्यालय खूले रहेंगे

**डूंगरपुर(पुकार)।** आगामी 12 दिसम्बर को राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 8 दिसम्बर रविवार का महाविद्यालय खूले रहेंगे। कॉलेज शिक्षा राजस्थान,जयपुर के आयुक्त ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि 12 दिसम्बर को राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 8 दिसम्बर रविवार का महाविद्यालय खूले रहेंगे। उक्त कार्यक्रम के तहत पात्र छात्राओं को 12 दिसम्बर को स्कूटी व छात्रवृति वितरण किये जाने की समस्त तैयारी को पूर्ण करने हेतु 8 दिसम्बर रविवार को महाविद्यालय प्रतिदिन की भांति कार्यदिवस रहेंगा।

### भाजपा जिला संगठन प्रभारी आज राजसमन्द दौरे पर

**राजसमंद (पुकार)।** भाजपा जिला संगठन प्रभारी वीरेन्द्रसिंह चौहान रविवार को राजसमन्द दौरे पर रहेंगे। जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण पालीवाल ने बताया कि जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्रसिंह चौहान रविवार को संगठन पर्व पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

### अपार आइडी जेनरेशन के सौंपे गए कार्य को लेकर शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने जताया विरोध

**राजसमंद(पुकार)।** अपार आइडी जेनरेशन कार्य को लेकर दिए गए आदेशों पर शिक्षक वर्ग में विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र भेज कर आधार मिसमेच संशोधन का कार्य शिक्षकों को देने का विरोध जताया है और अपार आइडी जेनरेशन के संबंध में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने पत्र में बताया कि अपार आइड़ी जेनरेट करने के नाम पर स्कूली बालकों के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने तथा उसमें सुधार करवाने के कार्य में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ओर से शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा हैं। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर ने सभी बालकों की अपार आइडी जनरेशन कार्य नवंबर माह में ही पूर्ण करने तथा शेष रहे बालकों की अपार आईडी माह दिसंबर 2024 में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024 में ही सभी बालकों की आपार आईडी पूर्ण कर लेने के अव्यावहारिक निर्देश जारी किए गए हैं। जबकि संगठन का मत है कि अपार आइडी जेनरेशन तो बालक के आधार कार्ड व स्कूल की सूचनाओं के मैच होने पर ही संभव है। शिक्षकों से ही बालकों के अभिभावक का कार्य करवाना उचित नहीं है। आधार नहीं होने पर उसके आधार कार्ड व उसके लिए आवश्यक जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के कार्य में शिक्षकों को लगाना कतई न्यायोचित नहीं है। आगामी 15 दिसम्बर तक समस्त विद्यार्थियों की अपार आइडी जेनरेट का कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं जबकि बालकों के आधार नहीं होना और आधार में त्रुटियां होना जन्म प्रमाण पत्र नहीं होना, आधार सेवा केंद्र पर आधार संशोधित नहीं हो पाना, बिना किसी डॉक्यूमेंट के नवीन आधार नहीं बन पाना जैसी समस्त समस्याओं के उचित समयबद्ध समाधान के बिना यह समस्त कार्य शिक्षकों के जिम्मे डालना उचित नहीं हैं।

## सेंट पॉल्स में दूसरे दिन भी बिखरा सृजन 2024 का रंग



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्याल स्थित सेंट पॉल्स सी.से स्कूल में दूसरे दिन शनिवार को भी शैक्षणिक प्रदर्शनी सृजन 2024 में भारी भीड़ रही। प्राचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि जिले भर के अनेक निजी व राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन व ज्ञानार्जन किया। विद्यालय के व्यवस्थापक फादर बेसिल वसुनिया ने बताया कि शहरवासियों, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने प्रदर्शनी में विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार के द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आमजन ने विद्यालय परिवार की इस नई पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी से नवांकुरों में सृजनात्मकता का विकास हुआ है। प्राचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मोबाइल और इंटरनेट के जाल से बाहर निकाल कर उनमें नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्य-सहगामी क्रियाओं में रुचि पैदा करना था।

## विधायक दीप्ति ने टीबी मुक्त भारत अभियान का किया शुभारंभ



**राजसमंद (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शनिवार को क्षय रोग (टीबी) जांच वाहन को हरी झंडी दिखाकर टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षय रोगियों को पोषण आहार (पोषण अर्चित) वितरित कर उनके स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने क्षय रोग मुक्त भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्प और पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। यह प्रयास अभूतपूर्व है और स्वस्थ भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और जनसमूह को क्षय रोग मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने क्षय रोग उन्मूलन में योगदान देने वाले निक्षय मित्रों का सम्मान कर उनके प्रयासों की सराहना की। क्षय रोग जांच वाहन प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर क्षय रोगियों की पहचान, जांच और उपचार करेगा। यह पहल गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने और रोग उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्ष 2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ भारत अभियान का हिस्सा है। विधायक दीप्ति ने कहा कि यह अभियान देश को न केवल रोग मुक्त बनाएगा बल्कि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में भी योगदान देगा।

टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने पर दिया जोर

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने टीबी मुक्त भारत अभियान के शुभारंभ पर जागरूकता बढ़ाने और इसे जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकता है और सरकार द्वारा निःशुल्क उपचार और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। विधायक ने कहा कि टीबी से जुड़ी हीन भावना और इसे कलंक मानने की धारणा को समाप्त करना जरूरी है। सही जागरूकता से लोग उपचार के लिए आगे आएंगे। टीबी के कीटाणु हर व्यक्ति में हो सकते हैं लेकिन सही समय पर उपचार से यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों और जनप्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन अभियान को हर घर तक पहुंचाने की अपील की। विधायक ने इसे 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में अहम कदम बताया।

## न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम का मासिक निरीक्षण



**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछ्वाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत शनिवार को वृद्धाश्रम मोही का मासिक निरीक्षण किया। अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार अवैयरनेस मॉड्यूल फॉर सीनियर सिटीजन्स के तहत नालसा योजना 2016 (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक व विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी। साथ ही निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय कुल 08 वृद्धजन उपस्थित मिले। वृद्धजनों को मीनू अनुसार समय पर भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है, वृद्धजनों ने भोजन तथा अन्य सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया। बिछोने के चद्दर व तकिए नियमित अंतराल में धुलवाने तथा बिस्तरों को धूप में रखने के निर्देश दिए। गृह में वृद्धजन पुरूषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग कमरों की व्यवस्था है तथा वृद्धजनों के मनोरंजन के लिए गृह में टीवी लगी हुई है। इस दौरान वृद्धाश्रम कार्मिक माया उपस्थित थी।

बाल संप्रेक्षण गृह का किया मासिक निरीक्षण

जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछ्वाल के आदेशानुसार प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने राजकीय किशोर एवं बाल संप्रेक्षण गृह का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अग्रवाल ने गृह की आधारभूत संरचना एवं उपलब्ध संसाधनों, स्टाफ व्यवस्था, प्रकरणों की स्थिति आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय कुल 17 बालक आवासरत पाए गए।

## महिलाओं को भूमि अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**राजसमंद (पुकार)।** जन विकास संस्थान ने गर्ल्स नॉट ब्राइड के सहयोग से समीचा ग्राम पंचायत में 16 दिवसीय हिंसा प्रतिरोध पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया। इस सत्र में जन विकास संस्थान के पवन उधानी ने महिलाओं को उनके भूमि अधिकारों के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारत में एक महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर अनदेखा किया जाने वाला मुद्दा है। भूमि अधिकार मौलिक मानवाधिकारों से आंतरिक रूप से जुड़े होने के बावजूद, पुरुष रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बिना भूमि स्वामित्व हासिल करने में महिलाओं को अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस पहल का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाकर महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें भूमि का उपयोग करने, उससे लाभ उठाने और उस पर स्वामित्व रखने के अपने अधिकारों का दावा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान कार्यकर्त्ता सुनीता खटिक का सहयोग रहा।



## विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने ली भारतीय नौसेना से संबंधित जानकारी

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) राजनगर में शनिवार करने की प्रक्रिया, पनडुब्बी से मिसाइल दागने की प्रक्रिया, पानी से हवा में व पानी से जमीन में मार करने वाली हथियारों के बारे में



एनसीसी साप्ताहिक ड्रिल के अंतर्गत 1 राज नेवल यूनिट एनसीसी उदयपुर से भारतीय नौसेना के चीफ पेट्टी ऑफिसर राकेश मंडा ने कैडेट को भारतीय नौसेना से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य कमलेश काहल्या ने बताया कि भारतीय नौसेना के राकेश मंडा ने विभिन्न प्रकार के लड़ाकू शिप, फाइटर प्लेन, नौसेना के हथियार, पनडुब्बी की युद्ध में भूमिका आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही एनसीसी द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंप में चयन प्रक्रिया के बारे में बताया। एयरक्राफ्ट केरियर, बैटलशिप, क्रूजर, समुद्री जहाज पर लड़ाकू विमान टेक ऑफ एवं लैंड जानकारी दृश्य श्रव्य उपकरणों के माध्यम से प्रदान की। इसके बाद परेड का अभ्यास करवाया गया। एनसीसी प्रभारी पुष्पेंद्र पणिक्कर ने भारतीय नौसेना ज्वाइन करने के लिए दसवीं-बारहवीं एवं स्नातक स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न भर्ती परीक्षाओं एवं साक्षात्कार प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स राजनंदनी कुंवर, भवानीसिंह राठौड़, सिंघमसिंह तंवर, सारा खान, प्रशांत श्रीमाली, भविषा पंवार, तनवीरसिंह राठौड़, वैदेही आमेटा, वृतिका डिडवानिया ने भारतीय नौसेना एवं एनसीसी से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा शांत की।

## बीएन कॉलेज में कौशल विकास कार्यशाला में प्रजेन्टेशन स्कील डवलपमेन्ट पर प्रशिक्षण




**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज में वाणिज्य संकाय की ओर से तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला के तीसरे दिन प्रजेन्टेशन स्कील डवलपमेन्ट पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि वैश्वीकरण के इस दौर में आपकी प्रजेन्टेशन स्कील आपको राष्ट्र में ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्रदान कर सकती है। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि यदि आप बहुमुखी प्रतिभावान बनना चाहते है तो आपको अपनी बात पूर्ण आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ संगीता मालपानी ने बताया कि कौशल विकास कार्यशाला के तीसरे दिन छात्राओं को डॉ गजेन्द्रसिंह चारण ने प्रजेन्टेशन प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होनें छात्राओं को समझाया कि आप किसी विषय पर अपने विचार व्यक्त करना चाहते है तो उस विषय का ज्ञान वर्तमान सन्दर्भ के साथ होना आवश्यक है। साथ ही उन्होनें यह बताया कि आपको पूर्ण आत्म विश्वास, हाव भाव, सरल भाषा तथा समय सीमा का ध्यान रखते हुए किसी विषय वस्तु पर प्रजेन्टेशन देना चाहिए। श्वेता गग्गर ने बताया कि छात्राओं ने जीएसटी के नियम, एचआर भर्ती, एच आर सलेक्शन, स्वोट एनालेसीस, करो के प्रभाव आदि पर फ्लेक्स के माध्यम से अपनी प्रजेन्टेशन प्रदर्शित की। जिसके साथ ही छात्राओं ने पेम्पलेट मेकिंग प्रतियोगिता में भी भाग लिया और फेशन ब्रान्ड, रॉक कोन्सर्ट, आर्ट क्लासेज आदि पर आकर्षण्क पेम्पलेट बनाए। मनिषा व्यास ने बताया कि पेम्पलेट मेकिंग में प्रथम स्थान पर वर्षिता गौरवा (बीबीए पंचम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान पर कशिश शर्मा (बीबीए पंचम सेमेस्टर), तृतीय स्थान पर मीना कुमावत (बीबीए प्रथम सेमेस्टर) रही। फ्लेक्स प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वर्षा पालीवाल व ज्योति लौहार रहे, द्वितीय स्थान पर रीया पारीक व माली ललिता, तृतीय स्थान पर कशिश शर्मा व वर्षिता गौरवा रही। निर्णायक डॉ गजेन्द्रसिंह चारण व डॉ धरा पालीवाल रहे।

## जिंदगी में हम कितने सही और कितने गलत हैं ये सिर्फ परमात्मा और हमारी अंतरात्मा ही जानती है : मुनि अतुल



**राजसमंद (पुकार)।** मुनि रविन्द्र कुमार एवं मुनि अतुल कुमार के सानिध्य में कच्छारा हाऊस, महावीर नगर, 100 फीट रोड कांकरोली में रात्रिकालीन आध्यात्मिक प्रवचन हुए। मुनि अतुल कुमार ने कहा कि जिंदगी में हम कितने सही और कितने गलत हैं ये सिर्फ परमात्मा और हमारी अंतरात्मा ही जानती है। हालांकि दोनों ही नजर नहीं आते हैं। अंतरात्मा की आवाज कभी गलत नहीं होती। अगर आपको लगता है कि आपकी सोचने की दिशा गलत जा रही है तो इसका मतलब है कि आपका मन इंद्रियों के जाल में फंसकर विवेक को भटका रहा है। कर्मों की गति बहुत ही सूक्ष्म है जिसे बड़े-बड़े विद्वान भी नहीं समझ पाते। कर्म का सिद्धांत बिना रुके निरंतर कार्य करता है। इसमें भगवान को देखरेख करने की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए भगवान हमारे कर्मों में दखल नहीं देते। वे ना तो सजा देते हैं और ना ही कृपा करते हैं। सब अपने आप होता है। उनका काम है-विवेक प्रदान करके सही गलत का फर्क जानने का ज्ञान और शक्ति देना। कई बार लोग कर्म के सिद्धांत और परमात्मा के अस्तित्व पर विश्वास करने से कतराते हैं क्योंकि वे देखते हैं कि आज बुरे कर्म करने वाले सुखी और अच्छे कर्म करने वाले दुखी दिखाई देते हैं पर ऐसा नहीं है। भगवान के घर ना तो देर है और ना ही अंधेर। हर कर्म का फल उसके उचित समय पर मिलता ही है। कर्म की अदालत में से कोई भी नहीं छूट सकता। हमारे हाथ में केवल एक ऑप्शन है कि क्या कर्म करना है। एक बार कर्म कर दिया फिर वह समाप्त नहीं होता। अच्छे कर्म का भी फल मिलता है और बुरे कर्म का भी फल मिलता है। दोनों के खाते अलग-अलग हैं। जब तक बैलेंस शीट बराबर नहीं होती जन्म और मरण का क्रम चलता रहेगा। मुनि रविन्द्र कुमार ने मंगल पाठ सुनाया।

## राउमावि पसुन्द में निमोनिया व स्वच्छता पर जागरूकता सत्र का आयोजन



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती राउमावि पसुन्द में प्लान इंडिया और रेकिट डेटॉल स्वस्थ बनेगा इंडिया के सेल्फ केयर फॉर न्यू मॉम्स एंड किड्स अंडर 5 प्रोजेक्ट के द्वारा सांस अभियान के तहत स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजसमंद ब्लॉक अधिकारी राहुल शाकद्वीपीय और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (सीएचडब्ल्यू) मीना पालीवाल ने बच्चों के साथ निमोनिया और स्वच्छता पर चर्चा की। सत्र में निमोनिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही बच्चों को हैंडवॉशिंग (हाथ धोने की सही तकनीक) और ब्रीदिंग एक्सरसाइज (सांस लेने के व्यायाम) का अभ्यास कराया गया। यह गतिविधियां बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता की आदतों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 300 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने बैनर और नारों के माध्यम से समुदाय में निमोनिया की रोकथाम और स्वच्छता का संदेश फैलाया। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार टेलर ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए प्लान इंडिया और रेकिट डेटॉल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों और समुदाय को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को समझने में मदद करते हैं। यह कार्यक्रम बच्चों और समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने में सफल रहा।

## संक्षिप्त खबरें...

### जिन्दल सॉ और ग्रामीणों के बीच जिला प्रशासन ने मध्यस्ता कर कराई वार्ता, 8 मांगों पर बनी सहमति



**भीलवाड़ा।** जिंदल सॉ लिमिटेड के लाप्पिया माइंस पर कम्पनी अधिकारियो की ग्रामीणों के साथ प्रशासनिक अधिकारियो तथा पुलिस की मध्यस्थता में वार्ता हुई। वार्ता में एडीएम् प्रशासन ओम प्रकाश मेहरा ने ग्रामीणों की मांगो को सुना एवं दोनों पक्षों को आपस में बातचीत के माध्यम से हल निकालने को कहा। कम्पनी द्वारा ग्रामीणों की दस में से आठ मांगो पर सहमति जताई एवं दो मांगो को सर्वथा अनुचित बताया क्योंकि उक्त बाते निजी स्वार्थ से प्रेरित है। कम्पनी प्रतिनिधियों ने बताया की यदि ग्रामीणों को ब्लास्टिंग से आपत्ति है तो माइंस पर पड़े हुए 65000 टन मटेरियल को ट्रांसपोर्ट करने से क्यों रोका जा रहा है। वार्ता में एडीएम (प्रशासन) मेहरा, मांडल डिप्टी मेघा गोयल, पुलिस एवं माइनिंग विभाग के अधिकारी तथा जिंदल की और से एवीपी डॉक्टर एस बी सिन्हा एवं माइनिंग हेड दिनेश पाटिल उपस्थित रहे।

### मुजरास टोल प्लाजा पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भीलवाड़ा।** मानव सेवार्थ को लेकर भीलवाड़ा राजसमंद नेशनल हाइवे 758 पर स्थित मुजरास टोल प्लाजा पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वाहन चालको के साथ आसपास के रहने वाले लोगों की निःशुल्क जांच करके दवाएं भी वितरित की गई। इसके साथ ही वाहन चालकों के नेत्रों की जांच करके उन्हे चश्मे भी प्रदान किए गए। टोलकर्मियों ने बताया कि भीलवाड़ा राजसमंद नेशनल हाइवे पर स्थित मुजरास टोल प्लाजा हर साल मानव सेवार्थ के कार्य करते है और आज इसके तहत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है। जिसमें वाहन चालकों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। जिसमें बीपी, शुगर, ईसीजी और नेत्रों की जांच की जा रही है। इसके साथ टोलकर्मियों के स्वास्थ्य की भी यहां जांच की जा रही है। यहां पर चिकित्सक परामर्श के साथ ही दवाएं भी प्रदान की जा रही है। टोलकर्मियों ने यह भी बताया कि टोल कम्पनी लगातार सामाजिक सरोकार के कार्य करती रहती है। जिसमें स्कूली बच्चों को रोड़ सेफ्टी की जानकारी देना और वाहन चालको के लिए शिविर लगाने जैसे कार्य करते है। वहीं शिविर लाभार्थियों ने बताया कि हम यहां टोल प्लाजा के पास ही रहते है। यहां कैंप लगने की सूचना पर आए है और अपनी जांच करवा रहे है। हमने यहां बीपी, शुगर और आंखों की जांच करवाई है। यहां कैंप लगने से हम अस्पताल में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी है।

### बरड़ोद विद्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम



**भीलवाड़ा।** राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरड़ोद में आयोजित किया गया। निःशुल्क साइकिल वितरण ठाकुर मेघ सिंह बरड़ोद के मुख्य आतिथ्य व लालाराम गाडरी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। संस्था प्रधान डॉ भागचन्द सोमानी ने सभी अतिथियों का उपरना ओढाकर स्वागत किया व छात्रों को नियमित विद्यालय में आने के लिए प्रेरित किया। साइकिल वितरण प्रभारी सुनील ओझा ने बताया कि कक्षा नवीं में अध्ययनरत 35 छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। सभी छात्राओं ने निःशुल्क साइकिल पाकर बेहद खुशी जाहिर की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सागर खोईवाल मनीष बेरवा, बृजमोहन असवाल, हरीश गंगवाल व ममता जीनगर का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी का आभार असलम मोहम्मद मेव द्वारा व्यक्त किया गया।

### पालिका के संविदा कार्मिकों की हड़ताल जारी, व्यवस्थाएं चरमराई




**फतहनगर।** बकाया वेतन एवं टेंडर प्रक्रिया को नियमित करने की मांग को लेकर पालिका के संविदा कार्मिक इन दिनों हड़ताल पर हैं। शनिवार को पांचवे दिन हड़ताल जारी रही तथा कार्मिक पालिका के बाहर धरने पर बैठे रहे। करीब तीन दर्जन संविदाकर्मी धरने पर बैठे हैं। इनमें सफाई,फायर,एम्बुलैंस एवं कार्यालय में काम करने वाले कार्मिक भी शामिल हैं। उक्त सभी व्यवस्थाएं हड़ताल के चलते प्रभावित हुई है तथा आम आदमी को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन कार्मिकों ने अपनी मांगों को लेकर बीते दिनों जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को भी ज्ञापन के जरिए अवगत कराते हुए हड़ताल की चेतावनी दी थी। नियत तिथि तक किसी प्रकार का कोई एक्शन नहीं होने के बाद इन कार्मिकों ने हड़ताल पर जाने की घोषणा करते हुए पालिका के मुख्य द्वार के पास ही धरना शुरू किया।

### संगीतमय श्री सत्यनारायण व्रत कथा रमेश नगर सेंती में

**चितौड़गढ़।** रविवार सांय 8 बजे से श्री परशुराम भागवत सेवा समिति चितोड़गढ़ के तत्वाधान में संगीतमय श्री सत्यनारायण व्रत कथा व्यास -भागवताचार्य पं.जनार्दन मौड़ के मुखार विन्द से मिठूलाल शर्मा के निवास रमेश नगर चमत्कारी सांवरिया सेठ मंदिर के पास सेंती चितौड़गढ़ रखा गयी है आयोजन से जुड़े हर्ष शर्मा ने बताया की भगवान श्री सत्यनारायण का भव्य दरबार सजाया जाएगा जिसमें संगीतमय सत्यनारायण व्रत कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा कथा के बाद महाआरती की जाएगी एवं आप सभी पधार कर प्रभु गुणगान व भक्ति का रस पान करे !

## भीलवाड़ा में नगर विकास न्यास की बैठक में विकास से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से की चर्चा

# कलक्टर बोले-टाइम पर पूरे करें काम, आवासीय योजनाओं पर भी चर्चा

**भीलवाड़ा (पुकार)।** नगर विकास न्यास की बैठक जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान शहर के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। यूआईटी सचिव ललित गोयल ने बताया कि बैठक में भीलवाड़ा शहर के पत्रकारों, आर्किटेक्ट्स, सीए, सीएस, लॉयर आदि पेशेवरों तथा राजकीय कर्मचारियों हेतु नवीन योजना तैयार किये जाने का पर विचार विमर्श किया गया। न्यास में शहर के सुनियोजित विकास के लिए 2 पद सहायक नगर नियोजक, 1 पद नगर नियोजन सहायक, 2 पद वरिष्ठ प्रारूपकार, 2 कनिष्ठ प्रारूपकार के नवीन पद सृजित किये जाने पर चर्चा की गई।

**ई बसों के लिए होगा भूमि आवंटन**

ई-बसों के लिये भूमि अमृत 2.0 के अन्तर्गत उच्च जलाशयों हेतु 11 स्थानों पर भूमि, विभिन्न संस्थाओं को भूमि आवंटन किये जाने, 132 केवी जीएसएस के लिए भूमि आवंटनों के सम्बंध में प्रस्तावों को बैठक में शामिल किया गया तथा ग्राम आटूण में न्यास भूमि पर नवीन आवासीय योजना तैयार किए जाने का प्रस्ताव लिया गया। न्यास क्षेत्र में राजकीय भूमियों का डिजिटल लैंड बैंक बनाने का प्रस्ताव रखा गया। शहर में विभिन्न स्थानों पर रह रहे घुमन्तु, बेघर व निर्धन खानाबदोश वर्गों की योजना बनाने हेतु स्थल चयन हेतु प्रस्ताव लिया गया।

**30 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति पर विचार**

नवीन विकास कार्यों हेतु लगभग 30 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की पुष्टि ध्स्वीकृति के सम्बंध में विचार किया गया। मानसरोवर झील में फैल रही जलकुम्भी को निकालने के संदर्भ में स्थायी निराकरण के कम में वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट ध् बायोलोजिकल प्लान्ट स्थापित किये जाने के सम्बंध में चर्चा की गई।

**शहर के एंट्री गेट पर विकास योजना पर विचार**

राजीव गांधी ऑडिटोरियम भवन की रिपेयर के सम्बंध में एमबीएम युनिवर्सिटी, जोधपुर की प्राप्त रिपोर्ट अनुसार रेट्रोफिटिंग एवं अन्य कार्य कराए जाने पर चर्चा की गई। शहर के मुख्य प्रवेश द्वारों का सौन्दर्यकरण की दृष्टि से विकास कार्य हेतु कार्य योजना बनाने पर विचार किया गया।

**शहर में मॉडल स्कूल खोलने पर चर्चा**

नगर विकास न्यास द्वारा भीलवाड़ा शहर एवं पेराफेरी क्षेत्र में एक मॉडल स्कूल, एक मॉडल चिकित्सालय तथा 5 मॉडल आंगनवाड़ी के रूप में विकसित किये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। एचएलबी जोधड़ास से पालड़ी होते हुए सांगानेर मेडिकल कॉलेज तक मास्टर प्लान की 200 फीट रोड निर्माण किये जाने के संबंध में चर्चा की गई।



### आचार्य चाणक्य लॉ कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम संपन्न

# कड़ी मेहनत और समर्पण से विधि विद्यार्थी कानून के क्षेत्र में सर्वोच्च पद हासिल कर सकेंगें- दीपक शर्मा

**नवप्रवेशित विद्यार्थियों का कुमकुम लगाकर, रोली बांधकर माल्यार्पण द्वारा किया स्वागत**




**भीलवाड़ा (पुकार)।** आचार्य चाणक्य लॉ कॉलेज में शनिवार को ओरिएंटेशन प्रोगाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगेंद्र सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भीलवाडा, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट ऋषि तिवाड़ी, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संस्था भीलवाडा, संस्थान निदेशक दीपक शर्मा व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रहलादराय व्यास ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का कुमकुम लगाकर, रोली बांधकर माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगेंद्र सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कानून के क्षेत्र में उपलब्ध अपार संभावनाओं की ओर नवप्रवेशित छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विधि विद्यार्थियों से आग्रह किया कि कानून के क्षेत्र में सफलता का मुकाम हासिल करने के लिए खूब अध्ययन करने की आवश्यकता है। कानून के पेशे में नैतिक आचरण और परामर्श के महत्व को बखूबी समझाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एडवोकेट ऋषि तिवाड़ी ने नवप्रवेशित छात्रों को वकालत की बारीकियाँ बतायी और एक अच्छे अधिवक्ता की समाज के प्रति जिम्मेदारी और दैनिक जीवन में विधिक ज्ञान के महत्व से अवगत कराया। संस्थान निदेशक दीपक शर्मा ने स्वागत भाषण दिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि निरंतर अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण से ही विधि विद्यार्थी कानून के क्षेत्र में सर्वोच्च पद हासिल कर सकेंगें। नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्कूल से महाविद्यालय के सफर की इस नई पारी को अनुशासन व नैतिक आचरण से जोड़ते हुए स्वप्रेरणा, अभिरूचि और परामर्श के महत्व को समझाया। ओरिएंटेशन सेशन में 100 अधिक विधि प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुए उपस्थित वक्ताओं से कानून के क्षेत्र में बेहतर भविष्य कैसे बनें आदि विषयों पर विभिन्न प्रश्न पूछें। सहायक आचार्य अभिलाषा ने महाविद्यालय की विशेषताओं, कोर्स संरचना, शैक्षणिक नियमों और उपलब्धियों को पीपीटी के माध्यम से नवप्रेवशित छात्रों के साथ साझा किया। कमलेश पारीक ने लेक्चर थियेटर में प्रोजेक्टर के माध्यम से डॉ अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय के कोर्स फ्रेमवर्क व हाल ही में लागू की गई सेमेस्टर प्रणाली से छात्रों को अवगत कराया। सहायक आचार्य सुनंदा विश्नोई ने आगंतुक छात्रों का स्वागत कर महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय दिया। संचालन डॉ. नेहा बोत्रा व सरस्वती वंदना संगीता सिंह ने की। कार्यक्रम के अंत में प्रहलाद राय व्यास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. आकांक्षा शर्मा, संतोष कुमार, कुश रोशन, दिनेश जोशी, संतोष शर्मा, सुशीला मीणा उपस्थित थे।

## धर्मनगरी भीलवाड़ा में प्रथम बार मनायेगे नीब करौरी महाराज का जन्मोत्सव



**भीलवाड़ा (पुकार)।** धर्मनगरी भीलवाडा में नीब करौरी महाराज (कैंची धाम) के जन्मोत्सव का प्रथम बार रामधाम चौराहे पर 8 दिसम्बर को आयोजन किया जा रहा है। जन्मोत्सव की तैयारी मे लगे भक्तों में एक अलग ही उमंग व जोश देखने को मिल रहा है। जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे से भजन - कीर्तन एवं सुन्दर काण्ड पाठ शुरू होकर 11 बजे से 4 बजे तक प्रसादी ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया है। विदित रहे नीब करौरी महाराज हनुमान जी के कलियुग के अवतार माने गए है जिनके चमत्कारों की श्रृंखला भारत देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में फैली हुई है ऐपल के फाउंडर स्टीव जॉब्स, फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग क्रिकेटर विराट कोहली और भी कई देशी विदेशी हस्तियां भी बाबा जी के चमत्कारों से रूबरू हो चुके है ,तथा बाबाजी के करकमलों द्वारा हजारों की संख्या में हनुमान मन्दिरों की स्थापना करवाई जा चुकी है। ज्ञात रहे पूर्व में भी कैंची धाम के प्रतिष्ठा दिवस 15 जून, 24 को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा चुका हैं। प्रबन्धन कमेटी के सदस्य हेमेन्द्र अधिकारी, गजेन्द्र सिंह राठौड विनील गुप्ता, दामोदर मूंदड़ा, हेमेंद्र सिंह राणावत, सुशील लढ़ा, गोविन्द अधिकारी, अभिमन्यु चौबे, प्रदीप नेगी, प्रीतम नेगी, सत्येन्द्र पारीक, अविनाश व्यास आदि ने बाबाजी के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### राज्य सरकार से मेडिकल कॉलेज को मिली सौगात

## विद्यार्थियों को समीपस्थ चिकित्सालय में प्रशिक्षण हेतु आने-जाने के लिये मिली बस की सुविधा

**चित्तौड़गढ़।** मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डा. प्रमोद तिवारी ने बताया कि समीपस्थ चिकित्सालय में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण हेतु ले जाने में काफी समस्या का सामाना करना पड रहा था। राज्य सरकार से काफी समय से मांग की जा रही थी कि एक बस की व्यवस्था हो जाये तो बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिये आवश्यक है । राज्य सरकार द्वारा इस हेतु बजट उपलब्ध कराया गया राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय चित्तौडगढ में मेडिकल छात्र-छात्राओं के समीपस्थ चिकित्सालय में प्रशिक्षण एवं ड्यूटी कार्य हेतु राजकीय मद से बस क्रय की गयी। जिसकी लागत 24.34 लाख रूपये है एवं 32 सीटर बस है। इसका शुभारंभ शनिवार दिनांक 07 दिसंबर को किया गया इससे लम्बे समय से चली रही आ रही समस्या का समाधान हो गया एवं विद्यार्थियों ने हर्ष जाहिर किया। इस मौके पर महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ, स्टाफ एवं इन्हरव्हील क्लब ऑफ चित्तौडगढ के सदस्य भी उपस्थित रहे । इन्हरव्हील क्लब ऑफ चित्तौडगढ ने महाविधालय को बैच भेट की जिस पर प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज ने इनका आभार व्यक्त किया ।

# भूदान की भूमि पर भूमाफिया ने किया अवैध अतिक्रमण

**भूमाफिया द्वारा ईंट उद्योग लगाकर किया जा रहा व्यवसाय**



**आकोला (पुकार)।** उपखण्ड क्षेत्र के गांव गाड़रियावास पटवार हल्का जाशमा में भूदान की भूमि पर भूमाफिया द्वारा अवैध अतिक्रमण कर उक्त भूमि को व्यवसाय उपयोग में लिये जाने को लेकर समाजसेवी मूकेश पिता मांगीलाल सालवी निवासी भूपालसागर ने उपखण्ड अधिकारी पुनीत कुमार गेलडा को ज्ञापन सौंपकर नाजायज अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की। बताया गया की उक्त भूदान यज्ञ बोर्ड राजस्थान की भूमि कृषि आराजीयात में दर्ज है जिस पर जाशमा निवासी राजू पिता कंवलचंद खटीक ने नाजायज तरीके से अतिक्रमण कर ईंट उद्योग स्थापित कर दिया तथा उक्त भूमि व्यवसाय उपयोग में ली जा रही है जबकि सरकारी भूमि पर कब्जा करने या उसका व्यवसायिक उपयोग करने के लिए भू दान यज्ञ बोर्ड द्वारा कोई स्वीकृति प्राप्त नही कर रखी है। इस जमीन के हाल आराजी नम्बर 555, 556, 559, 560, 564 किल किता 5 कूल रकबा 323 हेक्टेयर भू दान यज्ञ बोर्ड राजस्थान हिस्सा पूर्ण भू दान होल्डर के नाम दर्ज है। जो वर्तमान में उक्त भूमाफिया के कब्जे में कायम है। उपखण्ड अधिकारी गेलडा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल ही भू दान भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर भूमाफिया पर कार्रवाई की मांग की।

# प्रयागराज महाकुंभ 2025 को लेकर एक थैला एक थाली अभियान में आकोला से मिला सहयोग




**आकोला (पुकार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। और संघ इस समय समाज में पंच परिवर्तन- स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता विषयों को लेकर काम कर रहा है। संघ की पर्यावरण गतिविधि द्वारा प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने वाले कुंभ को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 'मेरा घर, एक थाली - एक थैला' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के पीछे संघ की सोच है कि श्रद्धालुओं को डिस्पोजेबल बर्तनों में भोजन न करना पड़े तथा पर्यावरण को हानि न पहुँचे। इस अभियान में संघ के कार्यकर्ताओं ने समाज से यह आग्रह किया है कि प्रत्येक घर से एक थाली और थैला इकट्ठा करके कुम्भ स्थल तक पहुँचना चाहिए। ताकि इस महाकुम्भ में करोड़ों लोगों के आने का अनुमान है। कम कचरा फैले इसी को देखते हुए इस अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान में धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं से अनुरोध किया गया है कि वह इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

इसी क्रम में आकोला क्षेत्र से भी सहयोग लिखा जा रहा है। इसी के तहत प्रयागराज महाकुंभ 2025 को प्लास्टिक एवं प्रदूषण मुक्त बनाने एवं पर्यावरण मैत्री हेतु पर्यावरण गतिविधि के तहत एक थाली एक थैला अभियान का आगाज आकोला क्षेत्र में 1 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 5 दिसम्बर तक चला। क्षेत्रवासियों ने दिलखोल कर सहयोग किया। 763 थाली व थैलों के लिए रू.76300/- रु. की राशि क्षेत्र से एकत्र हुई। इस पुनीत कार्य मे खंड कार्यवाह अंकित अग्रवाल, महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख शुभम पराशर, उपखंड कार्यवाह मोहित पायक, मंडल कार्यवाह सोहनलाल प्रजापत, बंसीलाल टेलर, सत्येंद्र गौड़, बाबूलाल नंदवाना, उदयलाल छिपा, गोपाल तेली, नितिन पोखरना, जयप्रकाश टेलर, राजकुमार आचार्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण के बहिष्कार पर दिया ज्ञापन

**फतहनगर (पुकार)।** बीआरपी एवं वीआरपी संघ उदयपुर द्वारा सामाजिक अंकेक्षण को नरेगा एक्ट के अनुसार सफ्ल कार्यक्रम आयोजन हेतु निर्देशक सामाजिक अंकेक्षण राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा ज्ञापन देकर सामाजिक अंकेक्षण में आ रही बाधा के निस्तारण के लिए ज्ञापन दिया। प्रवक्ता डॉ.ललित नारायण आमेटा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सरकारी जन कल्याण योजना आम जनता तक धरातल तक पहुंचने के प्रति सामाजिक अंकेक्षण द्वारा जांच की एक प्रक्रिया है। दिसंबर के प्रथम कैलेंडर सामाजिक अंकेक्षण के पांचवें दिन ग्राम विकास अधिकारी संघ द्वारा सामाजिक अंकेक्षण का बहिष्कार कर ग्रामसभा आयोजन का भी बहिष्कार की घोषणा की। बीआरपी को सामाजिक अंकेक्षण दस्तावेज उपलब्ध कराने से मना कर दिया जिससे सामाजिक अंकेक्षण में बाधा उत्पन्न हुई। आज जिला कलेक्टर परिसर में बीआरपी एवं वीआरपी संघ उदयपुर द्वारा सामाजिक अंकेक्षण में आ रही बाधा को दूर कर सतर्कता से जांच कर मनरेगा एक्ट की पालना कर सामाजिक अंकेक्षण सुनिश्चित करने हेतु निदेशक सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग शासन सचिवालय जयपुर एवं प्रमुख शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग जयपुर के नाम जिला कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) एवं जिला कलेक्टर उदयपुर व अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी समन्वयक( महानरेगा) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद उदयपुर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि सामाजिक अंकेक्षण मनरेगा एक्ट के अनुसार कार्यो का भौतिक सत्यापन एवं समय पर सामाजिक अंकेक्षण के दस्तावेज की प्रमाणित प्रति उपलब्ध करवाऐ ताकि भारत सरकार एवं राजस्थान- सरकार की मंशा के अनुसार भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया समय पर संपादित की जा सके। इस अवसर पर बीआरपी संघ के उदयपुर जिला अध्यक्ष कालूलाल मेघवाल सलूंबर के साथ ऋषभदेव से दिलीप कुमार मीणा एवं बंशीलाल मीणा,कुराबड से भंवरलाल लोहार, मावली से भगवान लाल जाट एवं ललित नारायण आमेटा, झाडोल से मांगीलाल खराड़ी, भीण्डर से किशन लाल अहीर एवं प्रेमलाल मीणा, झाडोल से शंकरलाल कसोटा, खेरवाड़ा से चंदूलाल मेघवाल एवं धनराज दरोगा और शांति मेघवाल,गोगुंदा से किशनलाल मेघवाल आदि के साथ ज्ञापन दिया गया।



# युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

● नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ परिवार, समाज और देश को भी करता है खराब
●नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थो के सेवन पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**डूंगरपुर(पुकार)।** युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय, माई युवा भारत, नेहरू युवा केन्द्र डूंगरपुर द्वारा शनिवार को तपस, शैक्षिक पुनर्वास एंव अनुसंधान केन्द्र के सभागार में माय भारत के तत्वावधान में नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थो के सेवन पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया ।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलदीप सूत्रकार, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अशोक शर्मा, उपनिदेशक, समाज कल्याण विभाग, मुख्य वक्ता, डॉक्टर अमृत घोसाईं, मनोचिकित्सक, उमा गोसाई, केमिकल मनोवैज्ञानिक आदि रहे । कार्यक्रम की शुरुआत में जिला युवा अधिकारी, प्रदीप कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी देते हुए युवाओं को विषय के प्रति सवेदनशील किया। प्रथम सत्र में डॉ. अमृत गोसाई ने नशे की लत और उससे होने वाले शारीरिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी और बताया की नशे की लत छोड़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार होना कितना आवश्यक है। उन्होंने नशा छोड़ने पर दिखाई देने वाले लक्षणों पर चर्चा की और उनके समाधान का तरीका बताया। कुलदीप सूत्रकार, अति. न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण ने युवाओं को नशीलें पदार्थो से सम्बंधित वैधानिक पक्षों की चर्चा की। उन्होंने बताया की सरकार ने बिना प्रिस्क्रीप्शन के मेडिकल स्टोर पर मिलने वाली दवाओं को प्रतिबंधित किया है क्योंकि कुछ लोग उन दवाओं का इस्तेमाल नशे के लिए करते हैं,वहीं अपराधों में नशे की भूमिका की चर्चा की। डॉ.उमा गोस्वामी, मनोचिकित्सक ने मेडीटेशन तथा योग के माध्यम से नशा को छोड़नें एंव जागरूकता लानें की बात पर जोर दिया तथा कार्यशाला में मेडीटेशन करा युवाओं को तनावमुक्त जीवन की बात कही। कार्यशाला में अशोक शर्मा, उपनिदेशक, समाज कल्याण, विभाग ने बताया की नशा से परिवार बिखरता है तथा जो लाग अपराध करते है उनमें 70 प्रतिशत युवा नशा के कारण अपराध करतें है।

## गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म ने अर्जुनगढ़ में किया जनसंवाद, समस्या समाधान के दिए निर्देश

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढ़म ने शनिवार को जिले के देवगढ़ क्षेत्र का दौरा किया और अर्जुनगढ़ गांव में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने देवनारायण मंदिर में दर्शन कर प्रभु का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सामाजिक समर्पण का परिचय देते हुए एक निर्धन परिवार के घर पहुंचकर भोजन ग्रहण किया और समाज के सभी तबकों को साथ



ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अर्जुनगढ़ स्थित श्री लेकर चलने का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ, जवाहर जाट, नर्बदा शंकर पालीवाल, किशन गुर्जर, कुलदीप सिंह ताल सहित ग्रामीण उपस्थित थे। मंत्री का जिले में पधारने पर जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

## बीमार गाय की मृत्य होने पर उसे दफनाया गया



**सीमलवाड़ा(पुकार)।** शुक्रवार की सुबह सीमलवाड़ा मे भोइवाड़ा तालाब ओटे के पास एक गर्भवती गाय की अचानक से तबियत बिगड़ने की वजह से 1962 मोबाइल वेटरिनरी यूनिट व सीमलवाड़ा के उपनिदेशक डॉ मनीष रोत द्वारा शुक्रवार सुबह व शाम दोनों समय उपचार किया गया। लेकिन असुविधा के कारण रात 9 बजे गाय की मृत्य हो गई। गर्भ में भी बच्चे ने प्राण गौ माता के पूरे शरीर में इंफेक्शन फैल गया था। इंफेक्शन फैलने का कारण कचरा प्लास्टिक खाने की वजह से डॉक्टरों की पूरी टीम ने बहुत मेहनत की पर गौ माता की जान नहीं बच पाई । शनिवार सुबह राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी जिला अध्यक्ष आशीष पंड्या, सीमलवाड़ा सरपंच विजय पाल डोडियार, वीरेंद्र सिंह, लोकेश भोई, जगदीश भोई व पूरे भाई समाज की सहयोग द्वारा गौ माता को विधिवत तरीके से दफनाया गया।

# महावीर इंटरनेशनल व वसीटा समाज ने जिला कलेक्टर का किया अभिनंदन

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह को दिव्यागजनों की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विश्व दिव्यागजन दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने पर महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर की स्थानीय इकाई द्वारा उपार्णा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन ने बताया कि जिला कलेक्टर को दिव्यांग अधिकार अधिनियमए यूडी आईडी और दिव्यांग सशक्तिकरण की योजनाओं के क्रियान्वयन में सर्वश्रेष्ठ जिले की श्रेणी में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय जैन पूर्व सचिव हर्षवर्धन जैन, जोन कोषाध्यक्ष नीरव जैन, सह सचिव अविचल जैन,पद्मेश गांधी, अभिषेक कोटड़िया,प्रतीक जैन, जयदीप द्विवेदी आदि सदस्य उपस्थित रहे।



इसी तरह प्रगतिशील वसीटा समाज, डूंगरपुर ने भी जिला कलक्टर अंकित कुमार का दिव्यांग जनों की सशक्तिकरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने पर शॉल पहनाकर तथा पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधि जितेन्द्र वसीटा अध्यक्ष, सी.के.वसीटा संरक्षक, स्वामीदयाल वसीटा सचिव सहित समाज जन उपस्थित थे। अन्त में जिला कलक्टर ने वसीटा समाज जनों का आभार जताया।

**इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने किया स्वागत**

इसी तरह दिव्यांग सशक्तिरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा जिला कलक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री अंकित कुमार सिंह को सम्मानित किए जाने पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी डूंगरपुर द्वारा मोमेटो भेंट कर एवं उपरणा व शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर जिला कलक्टर सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर संस्था के चैयरमेन डॉ. दलजीत यादव, महासचिव डॉ.गौरव यादव, कोषाध्यक्ष डॉ.कल्पेश जैन, संयुक्त सचिव व प्रांतीय सदस्य पद्मेश गांधी, प्रोग्राम कॉडिनेटर पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ एवं सुर्यसिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी द्वारा अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ का भी उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया।

## पीएमश्री एमजीजीएस टाउन डूंगरपुर ने राज्य स्तर पर मचाई धूम




**डूंगरपुर(पुकार)।** पीएमश्री एमजीजीएस टाउन की प्रधानाचार्य श्रीमती रेणुका शर्मा ने बताया की स्थानीय विद्यालय से 4 विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षक पंकज भट्ट के मार्गदर्शन एवं दल प्रभारी तारा राठौड़ के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय गंगापुर सिटी सवाई माधोपुर में राज्य स्तरीय योगा ओलम्पियाड़ मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसमे जूनियर वर्ग मे ध्रुवराजसिंह चौहान ने बेस्ट ऑफ बेस्ट, व्यक्तिगत और दलीय तीनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। सीनियर में मोली भट्ट ने व्यक्तिगत इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जूनियर वर्ग मे मनस्वी चौहान ने व्यक्तिगत इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जूनियर वर्ग टीम इवेंट मे मनस्वी चौहान और दिशा परमार ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें स्थानीय विद्यालय का मयूर राज डामोर भी इस टीम का हिस्सा रहा। प्रधानाचार्य रेणुका शर्मा व सभी स्टाफ साथियों द्वारा सभी विद्यार्थियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत कर पारितोषिक भी वितरित किया।

## प्रेमी ने गला दबाकर की थी महिला की हत्या

●पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया
●झाड़ियों में मिला था शव



**डूंगरपुर(पुकार)।** चितरी थाना पुलिस ने खेड़ासा नाले के पास झाड़ियों में महिला का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने के मामले का शनिवार को खुलासा कर दिया है। महिला की गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस हत्या के आरोप में महिला के प्रेमी को गिरफ्तार किया है। महिला के साथ चलने से मना करने और अन्य पुरुषों से भी संबंध होने की बात कहने पर प्रेमी ने महिला की हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

चितरी थानाधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर को थाना क्षेत्र के खेड़ासा नाले के पास झड़ियों में एक महिला का संदिग्ध अवस्था में शव मिला था। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर जांच शुरू कर दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की बात सामने आई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने महिला के कॉल रिकॉर्ड चेक किए। इस दौरान सोहनवडली निवासी अमृतलाल उर्फ अम्बालाल रोत नाम का व्यक्ति संदिग्ध लगाए जिस पर पुलिस ने उसे डिटेन कर पूछताछ शुरू की।

पुलिस पूछताछ में अमृतलाल ने महिला की गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया की उसका मोदरा निवासी मणी पारगी से प्रेम संबंध थे। 16 नवंबर को उसने मणी को मोड़ी भैरव जी के मेले में बुलाया था। वहीं, रात को जब मणी वापस जाने लगी तो अमृतलाल ने उसे उसके साथ चलने को कहा,लेकिन मणी ने साथ चलने से इंकार कर दिया। वहीं,अन्य पुरुषों से भी उसके संबंध होने की बात कही। जिस पर आवेश में आकर अमृतलाल ने मणी की गला दबाकर हत्या कर फरार हो गया था। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## राजस्व विभाग की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

■10 ब्लॉक के अधिकारी, कर्मचारी दिखाएंगे खेल में प्रदर्शन

**डूंगरपुर(पुकार)।** डूंगरपुर के राजस्व विभाग की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शनिवार से आगाज हो गया। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने शहर लक्ष्मण मैदान में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। क्रिकेट, बैडमिंटन,वॉलीबॉल और रस्साकशी प्रतियोगिता में डूंगरपुर जिले के 10 ब्लाक के राजस्व अधिकारी व कर्मचारी भाग ले रहें हैं।

शहर के लक्ष्मण मैदान में शनिवार से राजस्व विभाग की 2 दिवसीय क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और रस्साकशी खेल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह रहे। अध्यक्षता जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह ने की। कलेक्टर ने खिलाड़ियों से खेल की भावना से प्रतियोगिता में खेलने का आह्वान किया। कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बल्लेबाजी करते हुए खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिता में डूंगरपुरए बिछीवाड़ा, दोवड़ा, आसपुर, सागवाड़ा, गलियाकोट, चिखली, सीमलवाड़ा, झौंथरी और साबला ब्लाक के राजस्व अधिकारी व कर्मचारी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा।

# तेज रफ़्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार पीठ के एक व्यापारी युवक की मौत

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** डूंगरपुर जिले के कुंआ थाना क्षेत्र के सेंडोला गाँव के पास एक तेज रफ़्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी । हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई । युवक अपने गाँव पीठ से कुंआ में शादी में जा रहा था । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है । वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । कुंआ थाने के हैड कांस्टेबल नरायणलाल ने बताया की पीठ निवासी जयन्तिलाल लोहार ने रिपोर्ट दी है । रिपोर्ट में बताया की शुक्रवार शाम को उसका बेटा मनोज लोहार घर से बाइक लेकर कुआं में





बुआ के घर उनके लड़के के शादी समारोह में बिनौले में जाने के लिए निकला था । इस दौरान सेंडोला गाँव के पास सामने से आ रही तेज रफ़्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी । हादसे में मनोज को सिर व हाथ-पैर में गंभीर चोट आई । जिस पर उसे गंभीर अवस्था में चिखली सीएचसी ले गए जहा प्राथमिक उपचार के बाद सागवाडा के लिए रेफर किया गया । जहा सागवाडा में एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया । लेकिन शनिवार सुबह उपचार के दौरान मनोज की मौत हो गई । जिस पर परिजन शव लेकर सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे और पुलिस भी मोर्चरी पहुंची । जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया । वही कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है । मृतक मनोज के दो लड़के है जिनके सर से पिता का साया उठ गया। मनोज पीठ कस्बे में पुश्तैनी व्यापार लोहारी का करता था जिसने एक छोटा कारखाना भी शुरू किया था। इस दौरान यशवंत पंचाल,मगन पंचाल, अल्पेश, रमेश, भरत लाल, महेंद्र पंचाल सहित समाजजन मौजूद रहे।

## बांसिया में चैंपियन ट्रॉफी सीजन टु का समापन, सूजा तलाई विजेता ओर बांसिया उप विजेता रही

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** बांसिया के चौंवडिया खेल मैदान में चल रही। चैंपियन ट्रॉफी सीजन टु का समापन हुआ। बंजारा समाज नवयुवक मंडल की ओर से चल रही प्रतियोगिता में विजेता टीम सूजा तलाई और उप विजेता टीम बांसिया मंडेरी टांडा रही। प्रतियोगिता का 3 दिसंबर को उद्घाटन हुआ था, जिसमें कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें गुजरात की 7, बांसवाड़ा जिले की 5 और डूंगरपुर जिले





की 8 टीमें थी। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन हितेश बंजारा सूजा तलाई, बेस्ट बॉलर योगेश बंजारा रहे। विजेता टीम को 15 हजार रुपए ओर ट्रॉफी और उप विजेता टीम को 7500 रुपए ओर ट्रॉफी से नवाजा गया। आयोजक में धर्मेंद्र बंजारा,जगदीश बंजारा,कुलदीप बंजारा,कार्तिक बंजारा,मेहुल बंजारा, अल्पेश बंजारा, रमण लाल बंजारा,योगेश बंजारा रहे। अंपायर की भूमिका रमण लाल बंजारा और शंकर लाल बंजारा ने निभाई।

## बार एसोसिएशन राजसमन्द चुनाव 2025 की अंतिम सूची जारी

**राजसमंद (पुकार)।** बार एसोसिएशन राजसमन्द के अध्यक्ष कक्ष में मुख्य चुनाव अधिकारी प्रजीत तिवारी की अध्यक्षता में तथा सहायक चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर आचार्य एवं नरोत्तम पालीवाल की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। बार एसोसिएशन राजसमन्द चुनाव 2025 की अंतिम सूची जारी की गई व कुलदीप पालीवाल को सह सचिव पद पर निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। शनिवार दोपहर 1:30 बजे तक नाम वापस लेने एवं अंतिम नामों की घोषणा होनी थी। निर्धारित 1:30 बजे से पूर्व सह सचिव प्रत्याशी देवीलाल गुर्जर ने अपने समर्थक, प्रस्तावक के साथ उपस्थित होकर नामांकन पत्र वापस ले लिया। जिससे सह सचिव पद के लिए एक मात्र प्रत्याशी कुलदीप पालीवाल रहे। इस कारण कुलदीप पालीवाल को सह सचिव पद पर निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर अक्षय कुमार पालीवाल ने अपने प्रस्तावक, समर्थक के साथ उपस्थित हो अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। जिससे उपाध्यक्ष पद पर शेष रहे प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए योग्य घोषित किए गए। बार एसोसिएशन 2025 में निम्न पदों पर अंतिम वैध सूची जारी की गई। जिसमे अध्यक्ष पद पर रामलाल जाट एवं बहादुरसिंह चारण को, उपाध्यक्ष पद पर गोपाल कृष्ण जाट व गिरिराज सोनी को, मंत्री (सचिव) पद पर शैलेन्द्र सनाढ्य व महेश सेन को, कोषाध्यक्ष पद पर ललित कुमावत व शीतल हिंगड के मध्य सीधा मुकाबला होगा। जिसमे उपरोक्त पदों के लिए चुनाव को लेकर 13 दिसम्बर को बार भवन में मतदान होना निश्चित किया गया है। प्रातः 10 से सांय 4 तक मत डाले जाएंगे। जिसके बाद मतगणना की जाकर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## आग से केलूपोश कच्चा घर जलकर राख

**डूंगरपुर(पुकार)।** सदर थाना क्षेत्र के मैताली गांव में एक केलूपोश कच्चें घर में आग लग गई। आग से कच्चा घर जलकर राख हो गया। घर में सो रहे परिवार ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई। दमकल की गाड़ी ने घण्टे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर जलकर राख हो गया था। सदर थाना क्षेत्र के मैताली गांव में नंदलाल पुत्र गैना खराड़ी के कच्चे केलूपोश घर में शुक्रवार रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। घर से आग की लपटें और धुंआ उठने लगा। आग लगते ही नंदलाल और उसके परिवार के लोग उठ गए और दौड़कर घर से बाहर निकल गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। लोगों ने बर्तनों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। हादसे की सूचना पर डूंगरपुर नगर परिषद से फायर ब्रिगेड़ की टीम मौके पर पहुंची। फायर की टीम शंकर कटारा, अशोक ननोमा, मुकेश सुथार ने करीब घण्टे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कच्चा केलूपोश घर जलकर राख हो गया था। घर में रखा अनाज, कपड़े, खाने पीने का सामान ओर अन्य चीजें जल गई। इससे परिवार को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

**डूंगरपुर(पुकार)।** कुआं थाना क्षेत्र के सेंड़ोला गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक अपने गांव पीठ से कुआ शादी में जा रहा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुआं थाने के हैड कॉनि.ने बताया की पीठ निवासी जयंतीलाल लोहार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार शाम को उसका बेटा मनोज लोहार घर से बाइक लेकर कुआं शादी में जाने के लिए निकला था। इस दौरान सेंड़ोला गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मनोज को सिर व हाथ.पैर में गंभीर चोंट आई। जिस पर उसे गंभीर अवस्था में चिखली सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सागवाड़ा के लिए रेफर किया गया। जहां सागवाड़ा में एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया गया, लेकिन शनिवार को इलाज के दौरान मनोज की मौत हो गई। परिजन शव लेकर सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे और जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बार एसोसिएशन,डूंगरपुर के चुनाव 13 दिसम्बर को

**डूंगरपुर(पुकार)।** बार कौन्सिल ऑफराजस्थान जोधपुर के निर्देशानुसार बार एसोसिएशन डूंगरपुर के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सचिव के पद हेतु 13 दिसम्बर को होने वाले चुनाव हेतु चुनाव अधिकारीगण द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई।

चुनाव अधिकारीगण प्रकाश पटेल एवं अब्दुल सलाम गौरी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव अधिकारी के रूप में अमोल जैन अधिवक्ता द्वारा अपना नाम वापस लिये जाने से उसके स्थान पर प्रकाशचन्द्र परमार एवं नागेन्द्रसिंह चुण्ड़ावत को नियुक्त किया गया एवं बार एसोसिएशन डूंगरपुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सचिव के पद हेतु 13 दिसम्बर को होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र 9 दिसम्बर को प्राप्त कर सकेगे, जिसके जमा कराने की 10 दिसम्बर एवं आवेदन पत्र वापस लेने, आवेदन पत्र जांच तथा उम्मीदवार की अंतिम सूची की घोषणा 11 दिसम्बर तथा चुनाव 13 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक कराते हुए इसी दिन चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी। निर्वाचन अधिकारीगण द्वारा मतदाताओं को निर्देश प्रदान किये है कि वे मतदान के समय बार कौंसिल ऑफ राजस्थान जोधपुर द्वारा जारी परिचय पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

## अधिशेष शिक्षकों के समायोजन की सूची पर रोक लगाने की मांग

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ लोकतान्त्रिक जिला शाखा डूंगरपुर ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को ज्ञापन प्रेषित कर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक द्वारा जारी समायोजन की सूची पर रोक लगाने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि प्रदेश महामंत्री सुभाषचन्द्र भट्ट, जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल, संयुक्त मंत्री विश्राम कटारा, जिला मंत्री प्रवीण रावल ने संयुक्त रूप से बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिशेष शिक्षको एवं उनके समायोजन के निर्देशों को ताक में रखकर भाई भजीजा वाद ए इंस्पेक्टर राज की नियत से माण्शिण् विभाग डूंगरपुर के द्वारा जारी की गई समायोजन की सूचियों में बड़ी गड़बड़ी की बू-आ रही हैं इस सम्बन्ध में संगठन को कई शिकायतें प्राप्त हो रही है। गौरतलब है कि नियमों को ताक में रखकर कई शिक्षको को अंतर ब्लॉक में पदस्थापित कर दिया है। महिला शिक्षको को प्राथमिकता नहीं देकर दूर दराज क्षेत्र में लगा दिया गया है,ऐसे भी कई मामले मिले है कि एक ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को उसी विद्यालय के रिक्त विषय के पद पर समायोजित नहीं कर दूर की विद्यालय में लगा दिया गया है। संगठन के संज्ञान में कई अन्य प्रकार की गड़बड़ियां भी संज्ञान में आई है। गौरतलब है कि विभाग ने शिक्षको को दूर दराज नहीं जाना पड़े इस हेतु कई नियमों में शिथिलता प्रदान कर लेवल वन, टू को नहीं मानकर रिक्त पर समायोजन हेतु संशोधित निर्देश जारी किए थे। जिशिअ माशि डूंगरपुर द्वारा समायोजन हेतु जारी शिक्षकों की सूची पर रोक लगा कर जाँच करवाई जावे तथा पुनः विभाग के निर्देशों के आधार पर नई सूची जारी करने आदेशित कर अनुग्रहित करें। इन सूची के जारी होने शिक्षको में भारी रोष व्याप्त हो गया है। विरोध प्रेषित करने में प्रदेश संरक्षक महेंद्र पानेरी, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय, अनिता पंड्या, गंगा कोटेड़, हीरालाल गमेती, बलदेव सोमपुरा, प्रकाश परमार, विनोद पाटीदार, विकास मेहता, वाडीलाल लबाना, मुकेश नानोमा, बंशीलाल मासार आदि कई शिक्षको विरोध दर्ज़ कराया।

## राज्य सभा सांसद गरासिया ने संसद में उठाया बिछीवाड़ा व ऋषभदेव रेल्वे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा

**नई दिल्ली/डूंगरपुर(पुकार)।** राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने बिछीवाडा और ऋषभदेव रेल्वे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और रेल्वे मंत्री के प्रयासों से उदयपुर-असारवा(अहमदाबाद) तक रेल आमान परिवर्तन कर ले मार्ग शुरू करवाया गया है। इस रेल मार्ग पर कई ट्रेने शुरू की भी गई। जिसमे ट्रेन नम्बर-12981 जयपुर-असारवा, ट्रेन नम्बर-12982, असारवा-जयपुर, ट्रेन नम्बर 19821 कोटा-असारवा, ट्रेन नम्बर 19822 असारवा-कोटा भी प्रमुख है। इस मार्ग पर दो प्रमुख रेल्वे स्टेशन पडते है। पहला ऋषभदेव जो प्रसिद्ध भगवान ऋषभदेव मंदिर जाने के लिए देश भर से यात्री आते है। दूसरा है बिछीवाडा जो गुजरात राज्य से सटा हुआ है और नेशनल हाइवे संख्या-48 इसी उपखण्ड से गुजरता है। प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में यात्रियों की आवाजाही रहती है। बिछीवाडा एक इन्डस्ट्रीयल एरिया भी है और गुजरात राज्य में प्रवेश करते ही पहला बड़ा रेल्वे स्टेशन है, किंतु ऋषभदेव ओर बिछीवाड़ा रेल्वे स्टेशन पर ट्रेन संख्या-12981,12982,19821,19822 का ठहराव नहीं दिया गया है, जिससे प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक में पर्यटक, मजदूर वर्ग, व्यापारी वर्ग, स्कूली छात्र छात्राएं काफी परेशान रहती है। उक्त ट्रेनों को ठहराव की मांग की है।

## टवेरा की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**डूंगरपुर(पुकार)।**सदर थाना क्षेत्र में हांडलिया घुघरा रोड़ पर टवेरा की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक का 3 दिनों से जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

सदर थाना हेड कॉनि. ने बताया कि हाजा पुत्र ताजू मनात निवासी पादरड़ी अहाड़ा ने रिपोर्ट में बताया की 4 दिसम्बर को उसका बेटा मोहनलाल घरेलू काम होने से डूंगरपुर गया था। इसके बाद शाम के समय बाइक लेकर वापस घर आ रहा था। हांडलिया घुघरा के पास आते ही एक टवेरा जीप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मोहनलाल को गंभीर चोटें आई। उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर गए। जहां उसे रेफर कर दिया। उसे गुजरात के मोडासा लेकर गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर उदयपुर के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। 2 दिन तक इलाज के बाद शनिवार दोपहर उसकी को मौत हो गई। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी लेकर आए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मेवाड़ जनशक्ति दल का स्वच्छ उदयपुर अभियान आज से



**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर संगठन के कोर कमेटी सदस्यों और पदाधिकारियो ने निर्णय लिया कि जिस प्रकार एशिया की दूसरे नंबर कहे जाने वाली उदयपुर सिटी में आए दिन वीआईपी मूवमेंट रहता है बड़े-बड़े इवेंट शादियां समारोह आयोजन होते रहते हैं ऐसी सिटी जो लेक सिटी के नाम से जानी जाती हो हमारे उदयपुर वासियों का कर्तव्य है और मेवाड़ जनशक्ति दल संगठन के माध्यम से सभी उदयपुर वासियों को शपथ दिलाते हुए स्वच्छ भारत स्वच्छ उदयपुर के अभियान में समस्त उदयपुर वासियों को जोड़ते हुए संगठन ने अभियान की शुरुआत 8 दिसंबर रविवार को पोस्टर विमोचन के साथ होगी। संगठन के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहा को गोद लिया जाएगा साफ सफाई रखरखाव के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी शहर वासियों को और सफाई कर्मचारियों को मोटिवेशन के तौर पर सफाई के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस तरह के निरंतर छोटे-छोटे आयोजन करते हुए शहर के समस्त शहर वासियों से अपील करते हुए उदयपुर को एशिया का दो नंबर से एक नंबर पर लाने की कोशिश संगठन के द्वारा की जाएगी।

### भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः कालीन सत्र में किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग में 20 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। सायन्कालीन सत्र में फाइनल राउन्ड आयोजित किए गए। जिसमें श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया, चयनित खिलाड़ी वेस्ट जोन अंतर विश्विद्यालय (मध्यप्रदेश) प्रतियोगिता में बीएन यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### इनरव्हील दीवास ने अजमेर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में लहराया परचम




**उदयपुर (पुकार)।** अजमेर में आयोजित इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 305 की कॉन्फ्रेंस में इनरव्हील दिवास ने तीन पुयस्कार प्राप्त कर वहां अपना परचम लहराया। इसमें क्लब की अध्यक्ष नयना जैन, उपाध्यक्ष समीक्षा खंडेलवाल और सचिव आशा श्रीमाली ने क्लब का प्रतिनिधित्व किया। नयना जैन को 2024-25 में अधिकतम संख्या में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, क्लब की सचिव आशा श्रीमाली को रुमाल बनाने की प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार मिला। प्रेसिडेंट नयना जैन ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के दौरान, हमने अन्य क्लबों के साथ जुड़ने और उनसे सीखने का अवसर प्राप्त किया। हमें उम्मीद है कि भविष्य में हम और भी ऐसे आयोजनों में भाग लेंगे और अपनी टीम की क्षमताओं को और भी बढ़ाएंगे। फाउंडर रेखा भाणावत ने बताया कि हमें अपनी टीम की उपलब्धियों पर गर्व है और हम भविष्य में और भी ऐसे प्रयासों के लिए प्रयास करते रहेंगे।

### कुराबड़ विद्यालय में 250 स्वेटर भेंट




**उदयपुर (पुकार)।** खुशियाँ परिवार की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उँकार कुराबड़ में 250 स्वेटर वितरित किये गए। खुशियशं परिवार के सदस्य जितेश खलुडिया ने विद्यालय में वाटर कूलर लगाने की घोषणा की है। इस अवसर पर रितेश ,चंद्रप्रकाश , लोकेश एवं कपिल उपस्थित थे।

### हरित महा कुंभ-2025 प्रयागराज में मुस्कान क्लब सदस्यों ने की 570 थाली व बैग भेंट



**उदयपुर (पुकार)।** हरित महा कुंभ-2025 प्रयागराज को पॉलिथिन व डिस्पोजल मुक्त बनाने के एक थाली एक बैग अभियान मे मुस्कान वरिष्ठ नागरिक क्लब के सदस्यों ने बहुत बढ़ चढ़ कर पर्यावरण संरक्षण मे अपनी आस्था का परिचय दिया। क्लब के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि इस पुनीत कार्य में 66 सदस्यों की सहयोग राशी से 570 थाली स्थानीय पर्यावरण प्रभारी अनिल मेहता को मुस्कान क्लब के चीफ़ केयर टेकर श्रद्धा गट्टानी द्वारा एक सादे समारोह मे भेंट की। समारोह को संबंधित करते हुए डॉ. श्रद्धा गट्टानी ने कहा कि हमारे क्लब को इस पुनीत कार्य मे सहभागिता निभाने का जो सुअवसर मिला है उसके लिये हृदय की अनंत गहराइयों से साधुवाद । प्रभारी अनिल मेहता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता हर संवेदनशील मानव तक पहुंचाने मे मुस्कान क्लब जैसे सक्रिय वरिष्ठ नागरिक क्लब अहम भूमिका निभा सकते है।

### मुकेश सिंह रावत जिला अध्यक्ष नियुक्त



**उदयपुर (पुकार)।** बजरंग सेना मेवाड़ कि कार्यकारिणी में मुकेश सिंह रावत को उदयपुर शहर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संभाग प्रभारी करणवीर सिंह राठौड़, संभागीय अध्यक्ष सुनील कालरा की अनुशंसा पर प्रमुख कमलेंद्र सिंह पंवार ने घोषणा की।

---

भीलों को जबरन ओबीसी में दर्ज करने की शिकायत पर राष्ट्रीय अजजा आयोग ने मुख्य सचिव से मांगा जवाब

# सांसद रावत की शिकायत पर मुख्यसचिव को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का समन

### उदयपुर कलेक्टर से भी जवाब किया तलब

**उदयपुर (पुकार)।** रावत उपनाम की जातिसूचक व्याख्या कर अनुसूचित जनजतियों के संवैधानिक हक छीनते हुए भीलों, भील-मीणा को जबरन अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में दर्ज करने को लेकर उदयपुर सांसद डॉ. मन्त्रा लाल रावत द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को की गई शिकायत पर आयोग ने राजस्थान के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर इस संबंध में कार्रवाईयों को लेकर जवाब मांगा है। आयोग ने जिला कलेक्टर, उदयपुर से भी इस संबंध में जवाब तलब किया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की ओर से मुख्य सचिव को जारी नोटिस में सांसद डॉ. मन्त्रा लाल रावत द्वारा 30 सितंबर 2024 को की गई शिकायत का उल्लेख करते हुए लिखा गया कि आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले की पूरी जांच करने का निश्चय किया है। इसलिए पंद्रह दिनों के भीतर इस संबंध में की गई समस्त कार्रवाईयों से आयोग को अवगत करवाना होगा।



सांसद मन्नालाल रावत ने अपनी शिकायत में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष को लिखे पत्र में बताया था कि भीलों को जबरन ओबीसी वर्ग की श्रेणी में दर्ज करने का गोरखधंधा कई सालों से किया जा रहा है, जिसमें जनजाति समाज के भोले भाले लोगों की जमीनें हडपी जा रही है। कांग्रेस कार्यकाल में इसको संवैधानिक बनाने के लिए आदेश भी जारी कर दिए गए जो कि पूर्णतया गलत है। केवल अनुसूचित जनजाति की संपत्ति हडपने के इरादे से ये कृत्य किए गए।

सांसद रावत ने उन्हें कानोड निवासी भैरूलाल मीणा से प्राप्त परिवाद का उल्लेख करते हुए आयोग को बताया कि राज्य के जिला उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के राजस्व अथवा सक्षम अधिकारियों द्वारा अनुसूचित जनजाति के क्रमांक 1 पर दर्ज भील समाज में परम्परागत पदवी रावत भी है, के आधार पर बड़ी संख्या में इस समाज के लोगो को अनुसूचित जनजाति के संवैधानिक अधिकार यथा कृषि भूमि को अन्य श्रेणी के लोगों को अवैध रूप से बेचान किया जा रहा है। साथ ही इस प्रक्रिया में नियोजन, शिक्षा व राजनीतिक पदों के लिए संवैधानिक आरक्षण सम्बन्धित प्रावधान का भी गम्भीर हनन किया है।

सांसद रावत ने स्पष्ट किया कि यह सभी जानते हैं कि दक्षिण राजस्थान के भीलों में गांवों के परम्परागत मुखिया को गमेती, पटेल, गड्डा या रावत कहा जाता है, जिसकी पेसा कानून, 1996 में संवैधानिक मान्यता भी है, परन्तु रावत शब्द के इस सांस्कृतिक पक्ष का समान रूप से उच्चारित अन्य अर्थ में प्रयुक्त कर संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराया है कि यह कार्य पूर्व में कांग्रेस के नेता गुलाब सिंह शक्तावत जब राज्य सरकार में गृहमंत्री थे, तब इस क्षेत्र के भोले-भाले भीलों को बरगलाकर सत्ता का दुरूपयोग कर राज्य सरकार से भीलों में परम्परागत रावत पदवी को रावत [अन्य पिछड़ा वर्ग] में जाति रूप में दर्ज कराने के सम्बन्ध में कुछ सरकारी आदेश भी जारी करवाए गये। जबकि यह संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित जनजाति को परिभाषित करने के सम्बन्ध में जारी लोक अधिसूचना तथा भारत सरकार द्वारा लौकुर समिति, 1965 की अनुशंसा के अनुरूप अनुसूचित जनजाति को परिभाषित करने के लिए जारी एवं शासन में सुस्थापित 5 मानदंडों के पूर्णतः विपरीत होकर दनका संवैधानिक हक छीनने वाला है।

सांसद ने अपने पत्र में बताया कि यह एक आपराधिक षडयंत्र है, जो स्थानीय जनजातियों की आजीविका का एकमात्र आधार कृषि भूमि को हड़पने एवं इस अनुसूचित जनजाति के शिक्षा, सार्वजनिक रोजगार व राजनीति में आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने के एक खतरनाक टूल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

क्षेत्रवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस प्रक्रिया में पूर्व में इस क्षेत्र में भील समाज के 2-3 लोगों से भोलेपन का लाभ उठाकर स्टाम्प पर यह लिखावकर कि वे रावत है, इस सर्कुलर को अन्य क्षेत्रों में अवैधानिक तरीके से भीलों के सम्बन्ध में जबरन लागू कर दिया गया। उनके द्वारा यह नहीं बताया गया कि रावत लिखने से उनकी श्रेणी अनुसूचित जनजाति से अन्य पिछड़ा वर्ग हो जाएगी।

इस प्रकार संवैधानिक सुरक्षा एवं विधिक लाभ से मेवाड के हजारों भील/भील मीणा परिवारों को वंचित कर दिया गया, जो एक बहुत बड़ा षडयन्त्र है। यह अनुसूचित जनजाति के संवैधानिक हक से वंचित करना है. जो बाद में एक राजनीतिक हथकंडा बन गया है।

सांसद रावत ने अपने पत्र में आयोग को तथ्यों सहित बताया कि राजस्थान सरकार का एक परिपत्र संख्या प. 5/8/राज-4/83/राज-6/15 दिनांक 1 नवंबर 1996 इस प्रकार जारी किया गया कि भू-अभिलेख रिकॉर्ड में मीणा जाति शब्द के स्थान पर जबरन रावत जाति शब्द लिखाया जाकर अनुसूचित जनजाति के हजारों सदस्यों को अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में जबरन डाल दिया गया, जिससे इन लोगों को आरक्षण सहित कृषि भूमि सम्बन्धी वैधानिक सुरक्षा को भी भारी हानि पहुंचाई गई। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दबाव में जिला कलक्टर उदयपुर द्वारा आदेश क्रमांक एफ 12/7/1/राज/97/4236-52 दिनांक 11 सितंबर .2000 द्वारा रावत उपनाम वाले भीलों के भू-अभिलेख में रावत अन्य पिछड़ा वर्ग दर्ज करने के लिए अभियान के तौर पर निपटाने के निर्देश भी दिये जो इस षड़यंत्र का स्पष्ट खुलासा करता है।

सांसद रावत ने आयोग को इस संबंध में कुछ सत्यापित जमाबन्दी खाते की नकल की प्रतिलिपि भी प्रस्तुत की है, जिसे गंभीरता से लेते हुए आयोग ने राजस्थान के मुख्य सचिव से इस संबंध में पंद्रह दिनों के भीतर जवाब मांगा है।

### खाद्य सुरक्षा सूची से स्वैच्छिक नाम हटवाने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत पात्र लोगों को लाभान्वित करने तथा अपात्र लोगों को सूची से हटाने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। इसमें निष्कासन श्रेणी में शामिल लोगों को स्वैच्छिक रूप से सूची में नाम हटवाने के लिए 31 जनवरी 2025 तक का समय दिया गया है।

जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव-अप अभियान में खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अधिसूचना दिनांक 27.09.2018 के अन्तर्गत निष्कासन श्रेणी तय की गई है। इसमें वह परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, वह परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्ध सरकारी /स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी/अधिकारी हो, परिवार की वार्षिक आय एक लाख से अधिक हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) को शामिल किया गया है। निष्कासन श्रेणी के अन्तर्गत सम्मिलित उपभोक्ता अपना नाम स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से अनिवार्य रूप से 31 जनवरी 2025 तक हटवा लेवें। उक्त तिथि के बाद उक्त श्रेणियों के अपात्र परिवार के चिन्हीकरण के लिए सर्वे करवाया जाएगा तथा अपात्र पाए जाने पर परिवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की लंबित मांग पर बने सात कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर की लंबित मांग पर महाराणा भूपाल चिकित्सालय उदयपुर अधीक्षक डॉ आर एल सुमन ने सात कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षकों की नियुक्ति की गई हैं। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि सात कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक बनने से चिकित्सालय की व्यवस्थाएं व क्रियान्वयन को बेहतर ढंग से गति मिलेगी एवं सुदृढ़ होगी ! एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष व प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक नूरानी मईडा, श्रीदेवी,अमीन खान,जितेंद्र भटनागर,गणेश डांगी, ओम जोशी, ललित कंसारा का स्वागत व अभिनंदन किया गया ! कार्यक्रम में डॉ आर एल सुमन, डॉ संजीव टांक, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल,हेमंत आमेटा, रमेश मीणा, सत्यवीर सिंह तंवर, लोकेश आहारी, लाल चंद ऐचरा, गोपाल भावसार, दीपक मेघवाल, गौरव, गायत्री जड़ीया,शकीला अंसारी ,तुलसी, चंद्र काता, सूजा जोर्ज, रेखा खराड़ी सहित कई सिनियर नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे।

### केंद्रीय विद्यालय प्रतापनगर में एलुमनी मीट आयोजित

**उदयपुर (पुकार)।** केंद्रीय विद्यालय (केवी) प्रतापनगर के पूर्व छात्रों का एक यादगार पुनर्मिलन समारोह विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस आयोजन में पूर्व छात्र, विद्यालय के प्राचार्य और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, जहां पुरानी यादों और उपलब्धियों का जश्न मनाया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत खुशवंत सरदरणीय के स्वागत भाषण के साथ हुई। इसके पश्चात केंद्रीय विद्यालय प्रतापनगर के वर्तमान प्राचार्य दिल बहादुर सिंह ने अपने भाषण मे 1965 में स्थापित इस विद्यालय की उल्लेखनीय यात्रा और इसकी उपलब्धियों को रेखांकित किया। केवी एकलिंगगढ़ के प्राचार्य अरुण कुमार ने भी सभा को संबोधित किया और केवी विद्यालयों द्वारा दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्रशंसा की, जो छात्रों को जिम्मेदार नागरिक और सफल पेशेवर बनाने में सहायक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केवी प्रतापनगर के ही पूर्व छात्र एमबीएम इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय, जोधपुर के उप कुलपति अजय शर्मा ने सभा को प्रेरित किया। उन्होंने अपने स्कूल के दिनों के अनुभव साझा किए और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवी के छात्रों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्कूल के दिनों को याद किया और अपने जीवन को आकार देने में केवी शिक्षा की भूमिका के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने विद्यालय की प्रार्थना सभा में भाग लिया तथा विद्यालय की छात्राओं ने असमिया लोकगीत की प्रस्तुति कर समां बांध दिया। आयोजन की विशेषता मे पूर्व छात्रों एवं पूर्व शिक्षकों के द्वारा संवाद सत्र और भावनात्मक पलों का आदान-प्रदान शामिल था।

यह आयोजन न केवल अतीत का उत्सव था, बल्कि केवी पूर्व छात्रों के बीच आजीवन संबंधों का एक प्रतीक भी था। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों और स्कूल प्रशासन का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। एलुमनी मीट का समापन आयोजन सचिव मधुसूदन पालीवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आयोजन में डॉ कमल नाहर, रिचा, नितिन कोठारी एवं लकी सरदालिया सहयोग प्रदान किया। समस्त आयोजन का संचालन जितेंद्र एवं करुणा ने किया।




उदयपुर। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल सैन्य एवं पूर्व सैन्य अधिकारी-कार्मिक व आमजन।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया

**उदयपुर (पुकार)।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, उदयपुर में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कार्यक्रम शनिवार को उत्साह के साथ मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल के.एस.भाटी (से.नि.) ने बताया कि कार्यक्रम में वयोवृद्ध पूर्व सैन्य अधिकारी विंग कमाण्डर के.एस. पंवार ''वीर चक्र'' एवं विंग कमाण्डर सुक्लेचा, कर्नल मेंदीरत्ता एवं पूर्व सैनिकों द्वारा भाग लिया गया एवं सैनिकों के कल्याणार्थ स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। भाटी ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए सन् 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर होने वाले धन संग्रह का उपयोग युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग, सेना में कार्यरत कार्मिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों एवं परिजनों के आर्थिक सहयोग एवं कल्याणार्थ किया जाता है। यह आर्थिक सहयोग (दान) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, उदयपुर के नाम



चैक/डी.डी. अथवा विभाग के क्यूआर कोड के माध्यम से भी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि झण्डा दिवस हमें हमारी सशस्त्र सेनाओं के शौर्य, त्याग एवं बलिदान का स्मरण दिलाता है।

**सूक्ष्म पुस्तिका का विमोचन :** कार्यक्रम के दौरान सुक्ष्म पुस्तिका व डायरी के निर्माता सुक्ष्म किर्तीकार चन्द्रप्रकाश चित्तौडा द्वारा निर्मित सशस्त्र सेना झण्डा दिवस सुक्ष्म पुस्तिका का विमोचन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल के.एस.भाटी (से.नि.) ने किया।

### माता रानी वैष्णो देवी धाम में गीता परायण

**उदयपुर (पुकार)।** गीता परिवार उदयपुर के सदस्यों द्वारा वैष्णो देवी धाम उदयपुर में गीता पारायण का आयोजन किया गया। भारत माता एवं कृष्ण भगवान की मूर्ति के सम्मुख सुनील खत्री, सुलोचना कटारिया, मनोज कटारिया द्वारा दीप प्रजव्व्लन किया गया। सभी गीता सेवियों द्वारा सम्पूर्ण गीता के अठारह अध्याय का पारायण किया गया। गीता वृति संतोष राठोड द्वारा गीता पारायण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के पश्चात किशोर पाहुजा, भूपेंद्र शर्मा, सरला कटारिया द्वारा वैष्णो देवी धाम के संस्थापक सुनील खत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में रेशम कटारिया, तारा पालीवाल, सुनीता कटारिया, डॉ करुणा मंत्री, सुनीता शर्मा, डॉ रेनू पालीवाल, नरेश पूर्बिया, मधुबाला पूर्बिया उपस्थित रहे।

### बड़गांव महाविद्यालय में भौतिक व शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा



**उदयपुर (पुकार)।** राजकीय महाविद्यालय बड़गांव उदयपुर में भौतिक एवं शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने जिला कलक्टर से दूरभाष पर चर्चा की।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो अंजना गौतम ने समाजसेवी डॉ. कविता जोशी के साथ विधायक फूल सिंह मीणा से मुलाकात कर महाविद्यालय में छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सुविधाओं के विकास, अस्थायी भवन के विस्तार एवं भूमि आवंटन का अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया। विधायक मीणा ने महाविद्यालय की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने विद्यार्थी हित के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए तुरंत जिला कलेक्टर से समस्याओं के निराकरण के लिए फोन पर बात की। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।

# राइजिंग राजस्थानः राजस्थान की तरक्की का स्वर्णिम अध्याय

**उदयपुर (पुकार)।** दिसंबर 2024 का महीना राजस्थान के आर्थिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है। राजधानी जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान के अब तक के सबसे बड़े निवेश सम्मेलन राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन 2024 का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन उभरते हुए राजस्थान की आर्थिक आकांक्षाओं का प्रतीक बनेगा।

युवा उद्यमी मनीष कोठारी ने बताया कि राजस्थान का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) चालू वित्त वर्ष में लगभग 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 17त्न की वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा राज्य की तेजी से बढ़ती आर्थिक प्रगति का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के प्रयासों में यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकता है। यह सर्वविदित है कि भारत के प्रत्येक राज्य के विकास के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। इस दिशा में राजस्थान भी अपनी अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगामी पांच वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था को दोगुना कर 30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए भारी निवेश आवश्यक है, जो न केवल नए उद्योगों की स्थापना और पुराने उद्योगों के विस्तार में मदद करेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसरों का सृजन भी करेगा। रोजगार में वृद्धि से परिवारों की आय में सुधार होगा, जिससे उपभोग स्तर बढ़ेगा और राज्य की मांग एवं आपूर्ति चक्र को नई दिशा मिलेगी।

**राइजिंग राजस्थान : वैश्विक निवेश का आकर्षण**

युवा उद्यमी मनीष कोठारी ने बताया कि राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन 2024 केवल निवेशकों को आकर्षित करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह वैश्विक निवेशकों, बड़े उद्योगपतियों और राज्य सरकार के बीच संवाद एवं सहयोग को सुदृढ़ करने का भी कार्य करेगा। सम्मेलन के आयोजन से पहले विभिन्न विभागों द्वारा कई पूर्व-सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से अब तक करीब 20 लाख करोड़ रुपये के एमओयू (सहमति ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

इस सम्मेलन के केंद्र में कृषि, पर्यटन, शिक्षा एवं कौशल विकास, ग्लास एवं सिरेमिक, और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना शामिल है। इसके अलावा, राजस्थान सरकार आधारभूत संरचना, लॉजिस्टिक्स, राजमार्गों और 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान दे रही है ताकि निवेशकों को अनुकूल वातावरण मिल सके।

**राजस्थान की विकास यात्रा का नया पड़ाव**

युवा उद्यमी मनीष कोठारी ने बताया की यह सम्मेलन न केवल राजस्थान में निवेशकों के लिए अवसरों का द्वार खोलेगा, बल्कि यह राज्य के उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और साझेदारी के नए आयाम स्थापित करने में मदद करेगा। विदेशी निवेशकों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों का इस सम्मेलन में शामिल होना यह संकेत देता है कि राजस्थान अब एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है। निवेश में वृद्धि से न केवल राजस्थान की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी, बल्कि यह विकसित भारत के सपने को भी साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। यह सम्मेलन राजस्थान की विकास यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जिससे राज्य में समृद्धि और रोजगार के नए युग की शुरुआत होगी। राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन 2024, राज्य के आर्थिक और औद्योगिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास है। यह राजस्थान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेश मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करेगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.